शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

**मौसम**

तापमान 20 – 31
आर्द्रता 37%
सूर्योदय: 06:01 सूर्यास्त: 17:39

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



अभिषेक और पंड्या के अर्धशतक से भारत की 72 रन की प्रचंड जीत पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : चाहतों की दुकान बन्द करके देखिये, सुकून अपने आप आयेगा।




**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बुकिंग के 48 घंटे के भीतर हवाई टिकट रद्द करने पर नहीं लगेगा शुल्क

## नाम में गलती सुधार के लिए नहीं लगेगा शुल्क

**नयी दिल्ली :** विमान यात्री अब बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द या उसमें बदलाव करा सकते हैं। हालांकि, यह कुछ शर्तों पर निर्भर करेगा। नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने इसको लेकर टिकट किराया वापसी नियमों में संशोधन किया है। हालांकि, यह सुविधा उन घरेलू उड़ानों के लिए उपलब्ध नहीं होगी जिनकी प्रस्थान तिथि बुकिंग की तारीख से सात दिन से कम और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मामले में 15 दिन से कम है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने नियमों में संशोधन करते हुए यह भी कहा कि यदि यात्री, बुकिंग के



24 घंटों के भीतर नाम में किसी प्रकार की गलती को बताता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया गया है, तो एयरलाइन कंपनियों को उसी व्यक्ति के नाम पर सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए। संशोधित नियम 26 मार्च से प्रभावी होंगे। डीजीसीए ने कहा, ''ट्रैवल एजेंट/पोर्टल के माध्यम से टिकट खरीदने की स्थिति में, पैसे वापसी की जिम्मेदारी एयरलाइन कंपनियों की होगी क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि होते हैं। एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पैसे वापस करने की प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी हो जाए।'' इसके अलावा, चिकित्सा आपात स्थिति के कारण यात्रियों के टिकट रद्द करने के नियमों में भी बदलाव किये गये हैं। समय पर रिफंड न मिलने की यात्रियों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए हवाई टिकट वापसी के लिए नागर विमानन आवश्यकताओं (सीएआर) में संशोधन किये गये हैं।

## अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ 2,220 करोड़ रुपये के बैंक 'धोखाधड़ी' मामले में सीबीआई ने नया मामला दर्ज किया

### ईडी ने अनिल अंबानी से नौ घंटे तक पूछताछ की, आज दोबारा तलब किया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी एवं रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के खिलाफ 2013-17 के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा से कथित तौर पर धोखाधड़ी करने और बैंक को 2,220 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने के आरोप में एक नया मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला मंगलवार को बैंक से मिली शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''मामला दर्ज होने के बाद सीबीआई ने अनिल अंबानी के आवास और रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालयों पर छापेमारी की है। इस ऋण लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं।'' प्रवक्ता ने कहा, प्राथमिकी में आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस द्वारा लिये गए ऋणों के कारण बैंक ऑफ बड़ौदा को 2,220 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आरोप है कि इन ऋणों को संबंधित पक्षों के साथ फर्जी लेनदेन करके कथित तौर पर गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया।

# पश्चिम बंगाल चुनाव जीतेगी भाजपा, हर घुसपैठिये को बाहर निकालेंगे हम : अमित शाह

**अररिया (बिहार) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतेगी और राज्य से ''हर एक घुसपैठिये'' को बाहर निकालेगी। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकीय बदलाव से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में पश्चिम बंगाल शामिल है। शाह ने यह बात बिहार के अररिया जिले में कही, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 175 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया और दो नए सीमा चौकियों को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि देश से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालना भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, ''ये लोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि गरीबों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उनके प्रभाव को भी कम करते हैं।'' शाह ने कहा कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ से सीमावर्ती इलाकों में अतिक्रमण भी बढ़ता है और इसे हटाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा,



''घुसपैठ जनसांख्यिकीय बदलाव का खतरा भी पैदा करती है, जो किसी क्षेत्र की संस्कृति और यहां तक कि उसकी भौगोलिक स्थिति को भी प्रभावित कर सकती है।'' केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनसांख्यिकीय बदलाव का अध्ययन करने और सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थिति सुधारने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, ''बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जनसांख्यिकीय बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं। पश्चिम बंगाल में जल्द चुनाव होने हैं। हमें विश्वास है कि भाजपा चुनाव जीतेगी और हर भाजपा सरकार की प्राथमिकता घुसपैठियों को बाहर निकालना है।'' पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। शाह ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत बिहार के सीमांचल क्षेत्र से होगी, जहां वे कुछ महीने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान चार दिन तक रुके थे। उन्होंने राज्य की जनता को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड जनादेश देने के लिए धन्यवाद दिया।

## चंद्रग्रहण के चलते ब्रज में तीन मार्च के बजाए दो मार्च को किया जाएगा होली पूजन, होलिका दहन

**मथुरा (उप्र) :** फाल्गुन पूर्णिमा के दिन चंद्रग्रहण के चलते ब्रज में होली पूजन एवं होलिका दहन का पर्व तीन मार्च के स्थान पर दो मार्च को ही मनाया जाएगा। लेकिन धूलेंड़ी चैत्र कृष्ण प्रतिपदा (चार मार्च) के अवसर पर ही मनाई जाएगी। देशभर में इस वर्ष होलिका दहन की तिथि को लेकर असमंजस है। लेकिन ब्रज में कमोबेश सभी प्रमुख मनीषियों एवं ज्योतिषियों द्वारा यह तय हो चुका है कि तीन मार्च को चंद्रग्रहण लगने के कारण ने दो मार्च को ही होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। उनका कहना है कि चूंकि पूर्णिमा पर तो मुहूर्त के समय प्रतिपदा तिथि लग जाएगी, इसलिए तब होलिका दहन शुभ नहीं होगा। मथुरा की प्रमुख होलिकोत्सव आयोजन समिति के संस्थापक एवं महामंत्री मदन मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि उनके यहां होलिका पूजन करने वाले श्री कार्ष्णि उदासीन आश्रम, रमण रेती, महावन के महामण्डलेश्वर कार्ष्णि गुरुशरणानन्द स्वामी के मुताबिक तीन मार्च को शाम 6.47 बजे तक ग्रहण रहेगा और इसके बाद प्रतिपदा तिथि शुरू हो जाएगी।

# इजराइल में चलेगा भारत का यूपीआई

## मोदी-नेतन्याहू की बैंठक में बड़ा समझौता

**तेल अवीव :** भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम यूपीआई अब इजराइल में चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तेल अवीव में हुई बैठक में इस पर बड़ा समझौता हुआ है, और इसके साथ ही दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और टेक्नोलॉजी साझेदारी को नई दिशा देने का फैसला किया है। जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये सहयोग दोनों देशों के आर्थिक और तकनीकी रिश्तों को और मजबूत करेगा। यूपीआई के जरिए अब भारतीय नागरिक इजराइल में भी डिजिटल पेमेंट कर सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से भी मुलाकात की। इस दौरान इजराइली राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रही है।प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें भारत आने का न्योता भी दिया। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी यरुशलम स्थित होलोकॉस्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। जहां उन्होंने नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी।



इज़राइल के प्रधानमंत्री ने पत्नी के साथ हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी विदाई

### दुनिया में आतंकवाद की कोई जगह नहीं

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीत यरुशलम में डेलीगेशन लेवल की बातचीत हुई है। वार्ता के बाद साझा बयान में झच् मोदी ने कहा, भारत और इजरायल इस बात पर साफ हैं कि दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। आतंकवाद को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम आतंकवाद और उसके समर्थकों के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

### डिनर पर नेतन्याहू ने पीएम मोदी को चौंकाया

पीएम मोदी को शानदार डिनर के लिए आमंत्रित करने वाले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को भारतीय परिधान पहनकर पीएम मोदी को चौंका दिया। पीएम मोदी जब डिनर करने पहुंचे तो नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने के लिए भारतीय परिधान में खड़े थे। यह देखकर पीएम मोदी बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने इसकी तारीफ की। नेतन्याहू ने भारतीय पीएम के सम्मान में यह वस्त्र धारण किया था। उनका यह कदम भारत-इजरायल की दोस्ती और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने वाला है। उन्होंने इसका एक संक्षिप्त वीडियो अपने एक्स पर शेयर किया है और हिंदी में लिखा है कि हमारे संयुक्त रात्रिभोज से पहले, मैंने अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर चौंका दिया।

# बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले: उत्तर 24 परगना में सबसे अधिक केंद्रीय बलों की तैनाती, कोलकाता में 12 कंपनियां



## सुरक्षा रणनीति के तहत राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों और जिलों में रविवार से ही केंद्रीय बलों का आगमन शुरू हो जाएगा

**कोलकाता :** आगामी चुनावों के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने बंगाल में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का खाका पूरी तरह तैयार कर लिया है। सुरक्षा रणनीति के तहत राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों और जिलों में रविवार से ही केंद्रीय बलों का आगमन शुरू हो जाएगा। आयोग द्वारा जारी किए गए प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, पूरे राज्य में सबसे अधिक सुरक्षा घेरा उत्तर 24 परगना जिले में होगा, जहां तीन पुलिस जिलों और दो कमिश्नरेट को मिलाकर कुल 30 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। वहीं, राजधानी कोलकाता की सुरक्षा के लिए 12 कंपनियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

निर्वाचन आयोग की इस कार्ययोजना के प्रथम चरण में एक मार्च से राज्य भर में 240 कंपनियां मोर्चा संभाल लेंगी। इसके ठीक बाद 10 मार्च तक अतिरिक्त 240 कंपनियां राज्य में पहुंच जाएंगी, जिससे सुरक्षा बलों की कुल संख्या 480 कंपनियों तक पहुंच जाएगी। इस बार सुरक्षा बलों की संरचना में विविधता रखी गई है, जिसमें 110 कंपनियां सीआरपीएफ, 55 कंपनियां बीएसएफ, 21 कंपनियां सीआइएसएफ और आइटीबीपी व एसएसबी की 27-27 कंपनियां शामिल हैं। गृह मंत्रालय के कड़े निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक कंपनी में जवानों की न्यूनतम संख्या 72 सुनिश्चित की गई है।

क्षेत्रीय वितरण पर नजर डालें तो मुर्शिदाबाद में 16 कंपनियां, जबकि हावड़ा और दक्षिण 24 परगना में 15-15 कंपनियां तैनात होंगी। पूर्व मेदिनीपुर को 14, मालदा और नदिया को 12-12 तथा उत्तर दिनाजपुर को 11 कंपनियां आवंटित की गई हैं। दक्षिण दिनाजपुर में 10 और दार्जिलिंग व कूचबिहार में 9-9 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। पूर्व बर्द्धमान में आठ, जबकि पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर और जलपाईगुड़ी में 7-7 कंपनियां सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगी। पुरुलिया, झाड़ग्राम और अलीपुरद्वार जैसे जिलों में 5-5 तथा कालिम्पोंग में 3 कंपनियों की तैनाती होगी।

28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के ठीक अगले दिन से यह बल धरातल पर सक्रिय हो जाएंगे। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान आठ चरणों में कुल 1100 कंपनियां तैनात की गई थीं, जिसकी तुलना में इस बार शुरुआती दौर में ही भारी संख्या में बलों की तैनाती निष्पक्ष चुनाव की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# गुजरात : 1500 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी में शामिल तीन आरोपी राजकोट से गिरफ्तार



**राजकोट :** गुजरात के राजकोट जिले में 1500 करोड़ रुपये के साइबर धोखाधड़ी रैकेट में कथित संलिप्तता के लिए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या नौ हो गई है। राजकोट (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक विजय गुर्जर ने बताया कि 'म्यूल' खातों में पैसे अंतरित करने और 'अंगड़िया' माध्यम से रुपये वापस लेने में शामिल तेलंगाना निवासी आदिलुद्दीन मोहम्मद को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए अन्य दो व्यक्तियों की पहचान राजकोट के मिहिर रंगानी और हिरेन लिम्बासिया के रूप में हुई है, जो बैंक खाते उपलब्ध कराने, रुपये निकालने और धनराशि अंतरित करने के लिए जिम्मेदार थे। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में 13 फरवरी को छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में विभिन्न निजी बैंकों में 15 खाते खोले गए थे, जिन्हें कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) फर्मों के माध्यम से चलाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक ने कहा, एपीएमसी खातों का उपयोग करने का कारण यह था कि जीएसटी और टीडीएस अनुपालन की आवश्यकताएं लागू नहीं होती थीं, जिससे इनका दुरुपयोग करना आसान हो जाता था। इन खातों के माध्यम से तीन अलग-अलग श्रेणियों की धनराशि का लेन-देन किया गया, जिनमें साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त आय, जुआ से संबंधित लेनदेन और जीएसटी गतिविधियों से जुड़ी धनराशि शामिल है। उन्होंने बताया कि अब तक की जांच में इन खातों से संबंधित लगभग 1500 करोड़ रुपये के लेनदेन का पता चला है।

# बंगाल में कोर्ट के बाद अब डाकघरों और पासपोर्ट सेवा केंद्र में विस्फोट की धमकी

## हावड़ा, पूर्व व पश्चिम बर्द्धमान जिले के विभिन्न डाकघरों में भेजा गया था बम वाला ईमेल

**कोलकाता :** बंगाल में लगातार दो दिन विभिन्न कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद तीसरे दिन गुरुवार को अब डाकघरों और कोलकाता के पासपोर्ट सेवा केंद्र में विस्फोट की धमकी दी गई। गुरुवार को ई-मेल से मिली धमकी के बाद परिसर को तुरंत खाली करा लिया गया। सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सघन जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, लेकिन सभी सरकारी कार्यालयों और डाकघरों में अलर्ट रहने को कहा गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि हावड़ा के महात्मा गांधी रोड स्थित डाकघर में ही पासपोर्ट सेवाएं भी उपलब्ध हैं। यहां एक ई-मेल मिला, जिसमें दावा किया गया था कि इमारत में बम रखा है। धमकी मिलने के बाद हावड़ा पुलिस की एक टीम ने इलाके को घेर लिया। सभी कर्मचारियों तथा आगंतुकों को बाहर निकाला गया। इमारत को खाली कराने के बाद पुलिस के बम निरोधक दस्ते और डाग स्काड ने पासपोर्ट सेवा केंद्र की तलाशी ली। इसके अलावे पश्चिम बर्द्धमान जिले के आसनसोल और पूर्वी बर्द्धमान जिले के कटवा स्थित डाकघरों में भी इसी तरह की बम की धमकियों की सूचना मिली। डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ई-मेल के जरिये कर्मचारियों से संभावित विस्फोट से पहले परिसर खाली करने के लिए कहा गया। इससे पहले लगातार दो दिन मंगलवार और बुधवार को कोलकाता समेत कई जिलों के विभिन्न अदालतों में बम होने वाले मेल भेजे गए थे, लेकिन जांच में खबर झूठी निकली।

# 1 मार्च से बिना सिम कार्ड के नहीं चलेगा व्हाट्सएप

**नयी दिल्ली :** लोग इंटरनेट पर चैट या कॉल करने के लिए जितने भी ऐप इस्तेमाल करते हैं, अब उनके लिए एक बड़ा बदलाव होने वाला है। दरअसल, 1 मार्च से 'सिम-बाइंडिंग' लागू हो जाएगा। आसान भाषा में कहें तो इसका मतलब यह है कि जिस सिम कार्ड से अकाउंट बनाया गया है, अगर वह फोन से निकाल दिया जाता है, तो उस फोन में ऐप चलना बंद हो जाएगा। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि सिम-बाइंडिंग से जुड़े नियमों में कोई ढील या छूट नहीं दी जाएगी। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को साफ किया कि 1 मार्च से यह नियम लागू हो जाएगा और इसके लिए डेडलाइन आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। इसका मतलब है कि 1 मार्च से व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे ऐप चलाने के लिए आपके मोबाइल में सिम कार्ड लगा होना बहुत जरूरी है। फिलहाल कई लोग वॉट्सऐप को बिना सिम कार्ड भी इस्तेमाल करते हैं।

### क्या है सिम बाइंडिंग का नया नियम?

1 मार्च से वाट्सऐप और सिग्नल जैसे ऐप्स को अपने अकाउंट्स को सिम कार्ड से 'बाइंड' यानी जोड़ना जरूरी होगा इसका सीधा मतलब यह है कि आपका वाट्सऐप या सिग्नल ऐप तभी काम करेगा जब रजिस्टर किया गया सिम कार्ड फिजिकल रूप से आपके फोन में मौजूद और एक्टिव होगा। आप किसी दूसरे फोन के नंबर से अपने फोन में वाट्सऐप नहीं चला सकेंगे अगर वह सिम आपके फोन में नहीं है।

## पाकिस्तानी हवाई हमलों के जवाब में अफगानिस्तान ने की जवाबी कार्रवाई

**काबुल :** अफगानिस्तान के सैन्य अधिकारियों ने कहा है कि कुछ दिन पहले पाकिस्तान द्वारा किये गए हवाई हमलों के जवाब में उन्होंने उसके खिलाफ हमले शुरू कर दिये हैं। अफगानिस्तान के सैन्य कोर के पूर्वी क्षेत्र के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि बृहस्पतिवार रात भारी संघर्ष शुरू हो गए हैं। उसने कहा कि ये हमले पाकिस्तानी सेना द्वारा नंगरहार और पक्तिया प्रांतों में किए गए हालिया हवाई हमलों के जवाब में किए गए। अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'डूरंड लाइन' के साथ स्थित पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रामक अभियान शुरू किए गए।''

# उच्चतम न्यायालय ने 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' अध्याय वाली एनसीईआरटी की पुस्तक पर प्रतिबंध लगाया

**नयी दिल्ली/जमशेदपुर :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर ''पूर्ण प्रतिबंध'' लगा दिया। शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि ऐसा लगता है कि न्यायपालिका को कमजोर करने और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए एक ''गहरी साजिश'' और ''सुनियोजित प्रयास'' किया गया है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि पुस्तक की सभी भौतिक प्रतियां तुरंत जब्त कर ली जाए और डिजिटल प्रतियां अविलंब हटा दी जाए। वहीं, सरकार ने पाठ्यपुस्तक में विवादास्पद अंश शामिल किए जाने को लेकर नाराजगी जतायी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जवाबदेही तय करने और पाठ्यक्रम के विवादास्पद अंश को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनसीईआरटी के निदेशक और विद्यालय शिक्षा विभाग के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे यह स्पष्टीकरण मांगा कि ''आहत करने वाले'' अध्याय शामिल करने में जिम्मेदार पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ अवमानना सहित उपयुक्त कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी शामिल हैं।

### एनसीईआरटी विवाद पर प्रधान ने कहा, जवाबदेही तय करेंगे और कार्रवाई की जाएगी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा आठवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक अध्याय शामिल किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को नाराजगी जतायी। उन्होंने जवाबदेही तय करने और पाठ्यक्रम के विवादास्पद अंश को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया। प्रधान ने इस बात पर जोर भी दिया कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और इस संस्था का अनादर करने का उसका कोई इरादा नहीं है।

## विवाहेत्तर संबंधों से दरकता विश्वास

हाल ही में सामने आए एक सर्वेक्षण में, यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि जीवन साथी की निगरानी के लिये बड़ी संख्या में डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ली जा रही है। तमाम विवाहेत्तर संबंधों की पड़ताल से बड़ी संख्या में शक सही निकल रहे हैं। हालांकि, इस सर्वे के दायरे और उसकी विश्वसनीयता की कसौटी के प्रश्न सामने हैं, लेकिन यह एक कड़वी हकीकत है कि हमारी पारिवारिक संस्था में अविश्वास की सेंध लग रही है। खाओ-पियो मौज करो की पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण से वैवाहिक संस्था की शुचिता को आंच आई है। समाज में अलगाव, तलाक व हिंसक प्रतिशोध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। रही सही कसर कथित सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है, जिसने हमारे समाज में वर्जित माने जाने वाले भदेस विषयों को न्यू नॉर्मल बना दिया है। दरअसल, हाल के वर्षों में भारतीय समाज तेजी से संक्रमणकालीन दौर में जा पहुंचा है। कभी जिस रिश्ते को सिरे चढ़ाते वक्त जन्म-जन्मांतर साथ निभाने का वायदा किया जाता था, आज उसी जीवन साथी की निगरानी के लिये डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ली जा रही है। यह दुखद ही है कि जिन जीवन मूल्यों, संयम व शुचिता के रिश्तों के लिये भारत दुनिया में जाना जाता था, वहां आज यौन स्वच्छंदता व विवाहेत्तर संबंधों का दायरा बढ़ रहा है। एक समय था कि भारतीय संयुक्त परिवार की छांव में संयमित व मर्यादित व्यवहार करते थे। बड़ों का अनुशासन मर्यादा की रक्षा करता था। कामकाज का स्वरूप और स्थानीय रोजगार भी जीवन व्यवहार को संतुलित व संयमित करते थे। लेकिन हमारी कार्य संस्कृति में बदलाव व देश-विदेश में कामकाज के लिये बाहर जाने के बाद व्यक्ति स्वच्छंद व्यवहार करने लगा। यही वजह है कि विदेश में रहने वाले पति या पत्नी के व्यवहार की पड़ताल के लिये डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद लेने के मामले लगातार उजागर हुए हैं। जिसके बाद मुकदमेबाजी, अलगाव व टकराव की खबरें सामने आने लगती हैं।

दरअसल, विगत में भारतीय समाज में व्यक्ति के सार्वजनिक व्यवहार को संयुक्त परिवार व समाज संयमित करता था। लेकिन धीरे-धीरे आर्थिक आत्मनिर्भरता के बाद लोगों ने बड़े-बुजुर्गों व समाज के हस्तक्षेप को अस्वीकार करना शुरू कर दिया। विगत में हमारी फिल्मों व टीवी निर्माताओं ने दर्शकों की भीड़ जुटाने के लिये हमेशा असामान्य वैवाहिक रिश्तों को अपनी कथावस्तु बनाया। इन असामान्य रिश्तों को इस ग्लैमर के साथ पेश किया जाता रहा है कि कालांतर उसका प्रभाव समाज पर नजर आने लगा। आज तो विदेशी धरती से संचालित इंटरनेट व सोशल मीडिया ने तो असामान्य रिश्तों की पराकाष्ठा दर्शा दी। विडंबना यह रही है कि मीडिया ने भी ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों को इतनी तरजीह दी कि समाज के एक तबके में असामान्य रिश्तों को सामान्य माना जाने लगा। एक हकीकत यह भी है कि देश पर तमाम विदेशी आक्रांताओं ने भारतीय संस्कृति को इतनी क्षति नहीं पहुंचाई होगी, जितनी इंटरनेट व सोशल मीडिया के माध्यम से परोसी जा रही अपसंस्कृति ने विकृतियां पैदा की। नई पीढ़ी ही नहीं, उम्र दराज लोग भी कामदेव के मोहपाश में बंधे वर्जनाओं को लांघने लगे हैं। सोशल मीडिया पर बालाओं के मोहपाश में बंधकर गांठ का धन गंवाने वालों में बुजुर्गों की संख्या भी कम नहीं है। निस्संदेह, विवाह एक पवित्र बंधन है। जिसका निर्वहन संयम, सहजता, सहयोग, धैर्य और त्याग से ही होता है। लगता है कहीं न कहीं नई पीढ़ी लगातार धैर्य खोती जा रही है। रिश्तों के दीर्घकालिक निर्वहन का मूलमंत्र यही है कि हम जीवन-साथी की छोटी-मोटी कमियों को नजरअंदाज करके सामंजस्य के साथ जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाएं। असामान्य रिश्तों का अल्पकालिक सुख भले ही लुभाता हो, मगर उसकी कीमत परिवार को लंबे समय तक चुकानी पड़ती है। जिसका नकारात्मक प्रभाव बच्चों के मन-मस्तिष्क पर भी घातक होता है। यह भी एक हकीकत है कि जब परिवार के विवाद घर की दहलीज लांघते हैं, तो इससे लाभ उठाने वाले पेशेवरों की पूरी बिरादरी मुस्तैद खड़ी होती है। निश्चित ही रिश्तों में छल की प्रवृत्ति भारत में मूल्यों वाली विवाह संस्था के लिये एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इसका मुकाबला संयम, सहयोग, त्याग व समर्पण जैसे जीवन मूल्यों से ही संभव है। इसका समाधान कोर्ट-कचहरियों में नहीं मिलेगा।

# यूपी के मुख्यमंत्री के सिंगापुर और जापान के दौरे में 1.5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान दौरा निवेश और तकनीकी सहयोग के दृष्टिकोण से अत्यंत सफल रहा। दोनों देशों में आयोजित निवेश संवादों के दौरान कुल 1.5 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए, जबकि 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह पहल वर्ष 2029-30 तक प्रदेश को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में महत्व-पूर्ण मानी जा रही है। जापान में आयोजित निवेश बैठकों के दौरान कृषि मशीनरी, वाहन विनिर्माण, कलपुर्जा उद्योग, अर्धचालक, डेटा केंद्र, हरित हाइड्रोजन, संपीडित जैव गैस, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली, भंडारण तथा परिवहन क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति बनी। कई



प्रमुख जापानी औद्योगिक समूहों ने प्रदेश में निवेश की इच्छा व्यक्त की। जापान दौरे में हरित ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देते हुए ग्रीन हाइड्रोजन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 500 एकड़ में 'जापान सिटी' विकसित की जाएगी, जहां जापानी कंपनियों के लिए समर्पित औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। वाहन विनिर्माताओं और कलपुर्जा इकाइयों के लिए विशेष क्लस्टर तथा अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं स्थापित करने की भी योजना है। मुख्यमंत्री ने उच्च गति चुंबकीय रेल स्टेशन का दौरा कर उन्नत परिवहन तकनीक का अवलोकन किया तथा औद्योगिक रोबोट निर्माण संयंत्र का निरीक्षण किया। पर्यटन क्षेत्र में बौद्ध सर्किट और रामायण सर्किट को बढ़ावा देने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाने पर भी सहमति बनी। सिंगापुर में आयोजित निवेश रोड शो के दौरान रखरखाव, मरम्मत एवं परिचालन सेवाएं, कार्गो हब, अर्धचालक, डेटा केंद्र, भंडारण, कौशल विकास और वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग के प्रस्ताव मिले। जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को वैश्विक कार्गो और विमान रखरखाव केंद्र के रूप में विकसित करने पर सकारात्मक चर्चा हुई। कुल मिलाकर, इस दौरे से प्राप्त 1.5 लाख करोड़ रुपये के समझौते और 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों ने उत्तर प्रदेश की वैश्विक निवेश छवि को सुदृढ़ किया है।

## भगवद् गीता की आध्यात्मिक शिक्षाएं आज के युवाओं को नई दिशा दे सकती हैं: राष्ट्रपति मुर्मू

**जमशेदपुर:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि भगवद् गीता की आध्यात्मिक शिक्षाएं आज के युवाओं को एक नई दिशा दे सकती हैं और उनके जीवन को संवार सकती हैं। मुर्मू, झारखंड के जमशेदपुर के कदमा क्षेत्र में श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र न्यास के शिलान्यास समारोह के बाद एक सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, जमशेदपुर में भगवान जगन्नाथ मंदिर आध्यात्मिक शिक्षा और सांप्रदायिक सद्भाव का केंद्र होगा। यहां छात्रावास में लड़कियों सहित गरीब बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवद् गीता में निहित शिक्षाएं आत्मिक पोषण हैं। मुर्मू ने प्रस्तावित आध्यात्मिक केंद्र के निर्माण में योगदान देने वालों की भी सराहना की। उन्होंने इस बारे में कहा कि यह युवाओं में भगवद् गीता की



शिक्षाओं को आत्मसात करने और उनके व्यक्तित्व को आकार देने में मदद करेगा। राष्ट्रपति ने कहा, हमारी आध्यात्मिक परंपरा में सभी जीवित प्राणियों और पौधों के प्रति प्रेम व करुणा की भावना को सर्वोच्च महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा, महाप्रभु जगन्नाथ समस्त ब्रह्मांड के स्वामी हैं। उनकी कृपा समस्त मानवता पर बिना किसी भेदभाव के समान रूप से बरसती है। मुर्मू ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के द्वार पर जाति, धर्म या छुआछूत नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इसी कारण भगवान जगन्नाथ को 'जगत के नाथ' भी कहा जाता है। मुर्मू ने झारखंड की राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि राज्य ने सामाजिक सद्भाव का एक उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है और आदिवासी परंपराओं को संरक्षित रखा है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस अवसर पर कहा कि अब तक देशभर में 500 से अधिक जगन्नाथ मंदिर बनाए जा चुके हैं। श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परमार्थ केंद्र न्यास के प्रबंध न्यासी और उद्योगपति एस. के. बेहरा ने बताया कि प्रस्तावित आध्यात्मिक केंद्र ओडिशा के पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति होगा। इसे खरखाई नदी के किनारे 2.5 एकड़ भूमि पर लगभग 100 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया जाएगा।

### सूदखोरों पर शिकंजा कसने और गुंडों से वसूली पर लगाम के लिए बिहार विधानसभा ने विधेयक पारित किया

**पटना:** बिहार विधानसभा ने सूदखोरों पर शिकंजा कसने और जबरन वसूली पर रोक लगाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को 'बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाएं (धन उधार विनियमन एवं प्रपीड़क कार्रवाई निवारण) विधेयक' को पारित किया। प्रस्तावित कानून के तहत सूद की मार से आत्महत्या के लिए मजबूर हुए लोगों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए प्रत्येक जिले में विशेष न्यायालय गठित किए जाएंगे। इन विशेष अदालतों की अध्यक्षता प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी करेंगे। विधेयक के अनुसार, सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (माइक्रो फाइनेंस कंपनियों) को बिहार में ऋण वितरण शुरू करने से पहले राज्य सरकार के वित्त विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। कानून में सांस्थिक वित्त निदेशक को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। माइक्रो फाइनेंस कंपनियों को भारतीय रिजर्व बैंक से लाइसेंस लेने के बाद बिहार में कारोबार शुरू करने से पहले सांस्थिक वित्त निदेशक के पास पंजीकरण कराना होगा।

## सरकार ने गौवंश के लिए अनुदान 25 प्रतिशत बढ़ाया: राजस्थान के मंत्री



**जयपुर:** राजस्थान सरकार ने गौवंश के लिए अनुदान 25 प्रतिशत बढ़ाया है। गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गौशा-लाओं एवं नन्दीशालाओं को नियमित रूप से अनुदान उपलब्ध करा रही है तथा उसने अनुदान राशि में 25 प्रतिशत वृद्धि की है। वह प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को नौ एवं नन्दीशालाओं को 12 माह का अनुदान दिया जा रहा है तथा दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित गौवंश पशुओं के लिए 12 माह सहायता राशि दी जा रही है। इससे पहले मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि राजस्थान गौ-संरक्षण एवं संवर्धन निधि नियम, 2016 (संशोधित 2021) के अंतर्गत वित्त वर्ष 2016-17 से पात्र गौशालाओं में गौवंश पशुओं की खातिर चारा-पानी एवं पशु आहार के लिए 270 दिवस सहायता राशि दो चरणों में दी जाती है।

## सांभर झील में आज होगा पक्षी महोत्सव

**जयपुर:** राजस्थान में जयपुर से 80 किलोमीटर दूर सांभर झील में वन विभाग की ओर से 27 फरवरी को सांभर पक्षी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार सांभर झील के कोच्या की ढाणी स्थित व्याख्या केंद्र परिसर में आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य झील की समृद्ध जैव विविधता, आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र तथा यहां प्रतिवर्ष आगमन करने वाले प्रवासी पक्षियों के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। विभाग का कहना है कि महोत्सव में तकनीक और परम्परा का विशेष संगम देखने को मिलेगा तथा नई पीढ़ी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें दूरबीन, कैमरा एवं ड्रोन की सहायता से पक्षियों को देखने का अनुभव कराया जाएगा। सांभर क्षेत्र की दुर्लभ पक्षी प्रजातियों एवं उनके जीवन चक्र पर आधारित फोटो प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। झील में नमक उत्पादन की पारंपरिक प्रक्रिया का सीधा प्रदर्शन प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे आगंतुकों को स्थानीय आजीविका एवं विरासत की जानकारी मिल सकेगी।

### फर्जी दस्तावेज हासिल करने के आरोप में रोहिंग्या को एटीएस ने सहारनपुर में पकड़ा

**सहारनपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारत में रहने के लिए कथित तौर पर जाली दस्तावेज तैयार करने के आरोप में एक संदिग्ध रोहिंग्या नागरिक को सहारनपुर जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कुतुबशेर के थाना प्रभारी एच एन सिंह ने बताया कि आरोपी को बुधवार देर रात एकता कॉलोनी से पकड़ा गया था, उससे पहले ऐसी जानकारी मिली थी कि कुछ रोहिंग्या मूल के लोग जिले में मांस कारखानों में काम कर रहे हैं। सिंह ने बताया कि आरोपी ने अपनी पहचान सैय्यद अकबर के 42 वर्षीय बेटे शहाबुद्दीन और नदीम कॉलोनी के निवासी के रूप में बताई। थाना प्रभारी के अनुसार तलाशी के दौरान एटीएस देवबंद इकाई ने उसके पास से एक जियो सिम कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक बैंक पासबुक की एक फोटोकॉपी और एक संपत्ति बिक्री विलेख की एक फोटोकॉपी के साथ एक ओप्पो मोबाइल फोन बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया कि उसकी जेब से एक नीली पर्ची भी मिली जिसमें उसका नाम और देश के कॉलम में म्यांमार लिखा हुआ था।

### जयपुर की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए 344 करोड़ रुपये मिले: राजस्थान सरकार

**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए 15वें वित्त आयोग से अब तक 344.70 करोड़ रुपये मिले हैं। राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। इसके अनुसार केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 15वें वित्त आयोग के माध्यम से जयपुर नगर निगम को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है तथा वायु गुणवत्ता सुधार हेतु जयपुर को अब तक 344.70 करोड़ रुपये की सहायता मिली है। पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों, ई-वाहनों को बढ़ावा देने तथा हरित विकास कार्यों से जयपुर की वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। प्रश्नकाल में उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ई-वाहन को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रयासरत हैं, फलस्वरूप देश धीरे-धीरे पेट्रो ईंधन आधारित वाहनों से ई-वाहनों की दिशा में अग्रसर हो रहा है और 'ई-व्हीकल' के बढ़ते उपयोग से प्रदूषण की समस्या पर लगाम लगेगी।

### अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत याचिका पर आज होगी सुनवाई

**प्रयागराज:** बटुकों के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय के सूत्रों ने बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका 'कोर्ट नंबर 72' में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गयी है। इस बीच, सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी-झूंसी) विमल किशोर मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कथित पीड़ित बटुकों का मेडिकल परीक्षण करा लिया गया है और रिपोर्ट सीलबंद लिफाफा में जांच अधिकारी को सौंप दी गई है। हालांकि, उन्होंने मेडिकल रिपोर्ट की विषयवस्तु पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि सीलबंद लिफाफे में मेडिकल रिपोर्ट अदालत के समक्ष रखी जाएगी। इक्कीस फरवरी को आशुतोष ब्रह्मचारी के आवेदन पर एक विशेष पॉक्सो अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बटुकों के साथ यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए झूंसी थाने के प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था।

### वाराणसी में जिला एवं सत्र न्यायालय भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली, तलाशी अभियान शुरू

**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी में जिला एवं सत्र न्यायालय के भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया। अधिवक्ता श्रीनाथ ने बताया कि उन्हें बुधवार देर रात उनके मोबाइल फोन पर जिला एवं सत्र न्यायालय भवन को उड़ाने की धमकी वाला एक संदेश प्राप्त हुआ था। श्रीनाथ ने बताया कि उन्होंने इस बारे में जिला न्यायाधीश को सूचित किया जिसके बाद पुलिस ने आज अदालत परिसर में तलाशी का अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने में यह ऐसी चौथी धमकी है। सहायक पुलिस आयुक्त (कैंट) नितिन तनेजा ने कहा कि बम की धमकी के बाद अदालत परिसर की तलाशी की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक बम निष्क्रिय दस्ते को भी तैनात किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी चलेंगी ई-बसें, परीक्षण शुरू

**जयपुर:** पीएम ई-बस सेवा के तहत राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी ऐसी बसें चलेंगी जिनका परीक्षण बृहस्पतिवार को यहां शुरू हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार इस योजना के तहत जयपुर में पहले चरण में 150 ई-बसें मिलनी हैं। इनके नियमित संचालन से पहले बृहस्पतिवार को नौ मीटर एवं 12 मीटर श्रेणी की बसों का परीक्षण प्रारंभ किया गया। यह 28 फरवरी 2026 तक जारी रहेगा। इसके अनुसार नौ मीटर लंबी ई-बस में 25 यात्री बैठ सकते हैं, उसमें एक व्हीलचेयर का भी प्रावधान है। बारह मीटर लंबी ई-बस में 31 यात्री बैठ सकते हैं। ये बसें दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं से सुसज्जित हैं जिससे समावेशी परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 फरवरी, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष एकादशी, 22:35 तक, नक्षत्र : आर्द्रा, 10:47 तक, योग : आयुष्मान, 19:44 तक, सूर्योदय: 06:01, सूर्यास्त: 17:39, चन्द्रोदय : 13:31, चन्द्रास्त: 02:41, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 10:22 से 11:49

## राशिफल

**मेष :** आज आपका मन काम में कम और आराम में ज्यादा रहेगा। चौथे भाव में चंद्रमा होने से आप ऑफिस के बजाय घर से काम करना पसंद करेंगे। आज का दिन काफी प्रोडक्टिव रहेगा।

**वृष :** आज आपकी मेहनत और साहस रंग लाएगी। तीसरे भाव में चंद्रमा का गोचर आपको मार्केटिंग, सेल्स और राइटिंग के क्षेत्र में बड़ी सफलता दिला सकता है।

**मिथुन :** आज आपकी वाणी ही आपके करियर की चाबी है। दूसरे भाव (धन और वाणी) में चंद्रमा की स्थिति आपको वर्कप्लेस पर एक प्रभावशाली स्पीकर बनाएगी।

**कर्क :** आज आप एनर्जी और कॉन्फिडेंस से भरे रहेंगे। आपकी अपनी राशि में चंद्रमा का होना आपकी पर्सनैलिटी को आकर्षक बनाएगा। कार्यक्षेत्र में आप लीड करने के लिए तैयार रहेंगे।

**सिंह :** आज आप काम में थोड़ा अकेलापन महसूस कर सकते हैं। बारहवें भाव में चंद्रमा का गोचर बताता है कि आप लाइमलाइट से दूर रहकर रिसर्च या बैक-एंड ऑपरेशंस पर ध्यान देंगे।

**कन्या :** आज का दिन नेटवर्किंग और नए कॉन्टैक्ट बनाने के लिए बेहतर है। ग्यारहवें भाव में चंद्रमा का होना आपके करियर के लिए नए रास्ते खोलेगा। आपके सुझावों को वैल्यू दी जाएगी।

**तुला :** करियर के लिए आज आप सफलता के शिखर पर रहेंगे। दसवें भाव (कर्म भाव) में चंद्रमा का गोचर आपको वर्कप्लेस पर नई पहचान दिलाएगा। आपके वर्किंग स्टाइल में निखार दिखेगी।

**वृश्चिक :** नवम भाव में चंद्रमा का गोचर धार्मिक कार्य है या कोई नयी लर्निंग की तरफ इंटरेस्ट बढ़ेगा। अगर आप एजुकेशन, लॉ या कंसल्टेंसी में हैं, तो आज कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है।

**धनु :** आज आपको संभलकर चलने की जरूरत है। अष्टम भाव में चंद्रमा का गोचर काम में अचानक बाधाएं पैदा कर सकता है। रिसर्च और टेक्निकल कामों के लिए यह समय अच्छा है।

**मकर :** आज का दिन पार्टनरशिप और टीमवर्क का है। सातवें भाव में चंद्रमा का होना, बिजनेस पार्टनर्स के साथ आपके तालमेल को बेहतर बनाएगा। बिजनेस डील्स साइन करने के लिए दिन अच्छा है।

**कुम्भ :** आज का दिन कड़ी मेहनत और अनुशासन का है। छठे भाव में चंद्रमा की स्थिति आपको दुश्मनों पर जीत दिलाएगी। ऑफिस में पेंडिंग कामों को खत्म करने के लिए आप पूरी ताकत लगा देंगे।

**मीन :** पांचवें भाव में चंद्रमा का गोचर नए आइडिया और इन-वेशन के लिए बहुत अच्छा है। अगर आप आर्ट, डिजाइन, राइटिंग या एजुकेशन में हैं, तो आज आपकी पहचान बढ़ेगी।

### कृषि सब्सिडी से वाहन फिटनेस तक अनियमितताओं की परतें उजागर, हजारों करोड़ रुपये के बकाये पर सवाल

**पटना:** बिहार विधानसभा में बृहस्पतिवार को वित्त मंत्री बिजेंद्र यादव द्वारा प्रस्तुत नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक (कैग) की ताज़ा रिपोर्ट ने राज्य के कई विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सदन ने रिपोर्ट को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया, लेकिन इसमें उजागर अनियमितताओं और हजारों करोड़ रुपये के बकाये ने वित्तीय प्रबंधन की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। चार खंडों में पेश रिपोर्ट में कृषि, परिवहन, खनन, राजस्व तथा शैक्षणिक अवसंरचना से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई है। कृषि विभाग के संदर्भ में पाया गया कि वर्ष 2019 में दस ऐसे जिलों में 21.48 करोड़ रुपये की 'इनपुट सब्सिडी' वितरित की गई, जिन्हें आपदा प्रबंधन विभाग ने बाढ़ प्रभावित घोषित नहीं किया था। इसके अलावा 14 अन्य जिलों में 4.03 करोड़ रुपये का भुगतान ऐसे क्षेत्रों के नाम पर किया गया जो चिन्हित सूची में शामिल नहीं थे। रबी और खरीफ सीजन 2019-20 के दौरान 151.92 करोड़ रुपये की सब्सिडी 1.34 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में बांटी गई। राज्य आपदा मोचन निधि के मानकों का पालन न करने से 3.74 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान भी सामने आया।

# पटना मेट्रो सुरंग निर्माण के दौरान इमारतों में आई दरारों की प्राथमिकता से जांच होगी: उपमुख्यमंत्री

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को विधानसभा को आश्वस्त किया कि पटना मेट्रो परियोजना के तहत अशोक राजपथ पर सुरंग निर्माण कार्य के दौरान कई इमारतों में आई दरारों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कराई जाएगी। अशोक राजपथ क्षेत्र में कई संरचनाओं में दरारें देखी गई हैं, जिनमें पटना विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठित 'व्हीलर सीनेट हाउस' इमारत भी शामिल है। प्रवेश द्वार पर डोरिक स्तंभों से युक्त इस प्रसिद्ध इस भवन का उद्घाटन 20 मार्च 1926 को तत्कालीन बिहार एवं उड़ीसा प्रांत के गवर्नर और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सर हेनरी व्हीलर ने किया था। बाद में इसका नाम बदलकर



'जयप्रकाश नारायण अनुसंध भवन' कर दिया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग का प्रभार संभाल रहे सिन्हा ने कहा कि 18 फरवरी को मेट्रो सुरंग निर्माण कार्य में लगी कंपनियों के प्रतिनिधियों, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया था। उन्होंने प्रश्न के उत्तर में कहा, निरीक्षण में पाया गया कि दरारों की चौड़ाई में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। यह सही है कि क्षेत्र की कुछ इमारतों में दरारें आई हैं। विभाग उनकी एक बार फिर से जांच कराएगा। मंत्री ने सदन को बताया कि अशोक राजपथ पर 'बिहार यंग मेन्स इंस्टिट्यूट' से पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) तक सुरंग का निर्माण 'पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड' कर रहा है और यह कार्य मई-जून 2025 में शुरू हुआ।

## वर्ग पहेली नं. 3364



**बायें से दायें:-** 1) एक पेय; बहुत, 2) कारगुज़ार, 4) अब, 7) अंदर जाना, 8) मानसिक असंतोष, 9) वषमिंघ, 11) भस्म, 13) लोभ, 15) एक मीठी वनस्पति, 17) झूला, 18) तमन्ना, 20) चुपड़ना, 21) सृष्टि, 22) स्थान; हिस्सा (अलमारी का), 23) सुहृद, 24) किस समय, 26) एक पक्षी, 27) द्रव में मिलाना, 28) बिचौलिया, 29) एक दिन.

**ऊपर से नीचे:-** 1) चुगलख़ोरी, 2) बटन फँसाने का छेद, 3) छटपटाना, 4) छोटा, 5) अतिरिक्त, 6) आधार, 10) टोली, 12) ख़र्चना; बेचना; संहारना, 14) चंचल; फुर्तीला, 16) बुरा लगना; खटकना, 19) अग्निशमक गाड़ी, 21) सीधा का उलटा, 22) पति, 23) खोज, 25) तैयार करना, 26) शक्ति, 27) डरावना.

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर



## सुडोकू-पहेली-3322

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 5 | |
| | | | | 4 | | 6 | | 1 |
| | | | | | | 7 | | |
| | | | 2 | | 8 | | 1 | |
| | | 5 | | | | | 3 | |
| 7 | | | | | 9 | 4 | 2 | |
| | 8 | | 7 | | | | | |
| | | 6 | 1 | 3 | | | | 8 |
| 2 | | | | | | 3 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सुडोकू पहेली - 3321 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 5 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 |
| 9 | 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 |


।। श्री गणेशाय नमः।।
।। श्री श्याम देवाय नमः।।
।। श्री हनुमन्ते नमः।।
मेला
फाल्गुन के रंग
आलमबाजार के संग...
मेरे श्याम का...फाल्गुन मेला
आज
एकादशी
27 फरवरी (शुक्रवार)
श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ
पाठ वाचक
श्री श्यामसुंदर शर्मा नागपुर
श्री हेमंत वर्मा
श्री विशाल शर्मा
प्रातः 10 बजे से
सम्मानीय उपस्थिति
सुश्री सायंतिका बनर्जी विधायक
श्रीमती अपर्णा मल्लिक चेयरपर्सन
विशिष्ट सम्मानीय अतिथि
27-28 फरवरी एवं 04 मार्च 2026
श्री बिमल चौधरी
श्री विवेक आडुकिया
श्री मुकेश-सुदेश गोयल
श्री दीपू शर्मा
श्रीमती विद्यावती दिनोदिया
श्री प्रदीप रुइया
श्री प्रदीप संघई
श्री दीपक संघई
श्री रमेश खेतान
श्री महेश अग्रवाल
श्री तुलसीराम अग्रवाल
श्री चण्डी प्रसाद अग्रवाल
श्री प्रवीण अग्रवाल
श्री विजय अग्रवाल
श्री अमर भरतिया
श्री अरुण खण्डेलिया
श्री श्रीकांत मुरारका
श्री सुरेन्द्र रुंगटा
श्री गोपाल जैन
श्री राजेश सोंथालिया
श्री अंजनी धानुका
श्री जयप्रकाश मुरारका
श्री जयकिशोर गुप्ता
श्री विनोद बंसल
श्री विजय मित्तल
श्री अभिनव अग्रवाल
श्री राकेश अग्रवाल
श्री विजय विद्यासरिया
श्री पवन अग्रवाल
श्री रामअवतार किल्ला
श्री रामनरेश अग्रवाल
श्री रतन लाल अग्रवाल
श्री गौतम गुप्ता
श्री विनोद साव
श्री महेश शर्मा
श्री नीरज गर्ग
डा. प्रकाश पारख
श्री चन्द्रकांत सराफ
श्री उमेश राय
श्री विजय डोकानिया
श्री राधेश्याम सुल्तानियाँ (श्याम रत्न)
श्री भगवती प्रसाद सुरेका (समाज-रत्न)
श्री पवन टिबड़ेवाल (प्रेरणा)
श्री सुजीत अग्रवाल (जलसूत्र)
श्री विजय चौधरी (जलसूत्र)
श्री निर्मल-संजय गोयल (OSL)
श्री अशोक-राहुल अग्रवाल
श्री जुगलकिशोर अग्रवाल
श्री गोविन्द राम अग्रवाल
श्री देवकीनन्दन पोद्दार
श्री विक्की राज सीकरिया
श्री अनिल अग्रवाल (किशनगंज)
श्री विजय शंकर अग्रवाल
श्री अशोक माधोपुरिया
श्री भगवती प्रसाद केडिया
श्री चन्द्रप्रकाश बरेलिया
श्री घनश्ययाम अग्रवाल
श्री भीखमचन्द पुगलिया
श्री पदम परसरामपुरिया
श्री चण्डी प्रसाद बंसल
श्री गौतम खेतान
श्री विनोद खेतान
श्री सुरेन्द्र छापड़िया
श्री सज्जन तायल
श्री निर्मल अग्रवाल
श्री निर्मल सराफ
श्री अरविन्द जालान
श्री संतोष ढांढनिया
श्री बनवारी लाल सोती
श्री ललित प्रहलादका
श्री पंकज लुहारीवाला
श्री कैलाश क्याल
श्री नीरज-कुमुद सिंह
श्री विनय दूबे
श्री दिनेश अग्रवाल
श्री महेन्द्र अग्रवाल
श्री अशोक हाडा
श्री पुरुषोत्तमजी
श्री सुरेश गाड़ोदिया
श्री पिन्टू अग्रवाल
श्री आलोक मोर
श्री राजेश सिन्हा
श्री संजय गोयनका
सीए आशीष अग्रवाल
श्री मुरारी तोदी
श्री संदीप गर्ग
श्री श्याम सुन्दर मोर
श्री रवि-काजल राय
चाय-व्यवस्था
नीमकाथाना अंचल नागरिक संघ
सहयोगी
श्री श्याम परिवार गंगेज चिरंजीवी, हावड़ा
श्री श्याम मिलन संघ, बड़ाबाजार
श्री सेवक मण्डल, बजरंगबली
मंदिर के आधार स्तम्भ
श्यामलीन श्री भैरवदत्त जी खेतान
श्यामलीन श्री श्रीलाल जी अग्रवाल
श्यामलीन श्री विजयशंकर जी सुरेका
श्यामलीन श्री राजा अग्रवाल
विशेष सम्मान
श्री विकास अग्रवाल (समाज गौरव)
VALLET CAR PARKING
बड़ा बगान मैदान
(आलमबाजार पोस्ट आफिस के बगल गली में)
(केवल 27-28 फरवरी एवं 4 मार्च हेतु)
एकादशी को मन्दिर सारा दिन एवं सारी रात तथा द्वादशी को रात 11.30 बजे तक खुला रहेगा।
श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार
स्थान व सम्पर्क : 113, सूर्य सेन रोड, कोलकाता-35
मो. 9831195501, 9831112051, 9831174704, 9163800326, 9304691052
SHREE SHYAM MANDIR ALAMBAZAR
सेवा-साधना
LIVE
BENGAL ENERGY
BENGAL ENERGY LIMITED
SKIPPER Limited
SHREE KRISHNA TRADERS
baazar
UTKARSH PIPES & FITTINGS
गजानन्द बिड़दीका
delica DECORATIVE PANELS
SPPL SAI PLY PVT LTD
UltraMax 500
550D TMT BAR
ULTRA SHAKTI! MAXIMUM MAZBOOTI!


संस्कृति मंत्रालय
MINISTRY OF CULTURE
सत्यमेव जयते
भारतीय संग्रहालय
INDIAN MUSEUM
1814-2014
PRABHA KHAITAN FOUNDATION
अपनी भाषा अपने लोग
Indian Museum, Kolkata
Ministry of Culture, Government of India
Celebrating
Vasant Utsav 2026
A festival of colours by
Dona Ganguly
and the students of
Diksha Manjari
Sunday
1st March,
2026
6:00 PM
Central Courtyard
Indian Museum
Kolkata
All are cordially invited
Narration by
Sundeep Bhutoria
Rabindra sangeet songs by
Dakshinayan UK
under direction of
Dr Anando Gupta

# एसआईआर के लिए झारखंड और ओडिशा से 200 न्यायिक अधिकारी आएंगे पश्चिम बंगाल

**कोलकाता :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के लिए झारखंड और ओडिशा से करीब 200 न्यायिक अधिकारियों के जल्द ही पश्चिम बंगाल आने की संभावना है। निर्वाचन आयोग के विशेष सूची पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गुप्ता ने कहा कि अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने की जानकारी जल्द ही निर्वाचन आयोग को दे दी जाएगी। उच्चतम न्यायालय द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल को दिए गए सुझाव के



बाद यह कदम उठाया जा रहा है। गुप्ता ने मुख्य न्यायाधीश पॉल द्वारा बुलाई गई समीक्षा बैठक में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हम इस प्रक्रिया के लिए न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण की सभी व्यवस्थाएं करेंगे।' उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार, पश्चिम बंगाल की अधीनस्थ अदालतों के न्यायिक अधिकारियों को उन व्यक्तियों के दावों और आपत्तियों के संबंध में निर्णय के लिए तैनात किया गया है, जिनके नाम तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल हैं और जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए जाने का खतरा है। 'तार्किक विसंगति' श्रेणी के तहत मतदाता के माता-पिता के नाम का मिलान न होने और उसके एवं उसके माता-पिता की उम्र में 15 साल से कम या 50 साल से अधिक आयु जैसी बातों को शामिल किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 80 लाख दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए 250 जिला न्यायाधीशों के अलावा दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती और पड़ोसी राज्यों झारखंड एवं ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की 24 फरवरी को अनुमति दी थी। शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति पॉल के 22 फरवरी के उस पत्र का संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर कवायद के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों का निपटारा करने में लगभग 80 दिन लगेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने कहा कि कुछ गड़बड़ियों को छोड़कर निर्णय संबंधी काम सुचारु रूप से जारी हैं। उन्होंने इन गड़बड़ियों को 'शुरुआत में आने वाली समस्याएं' बताया। उन्होंने कहा कि करीब 270 न्यायिक अधिकारियों ने पहले ही काम संभाल लिया है, जबकि पड़ोसी राज्यों से आने वाले अधीनस्थ अदालतों के 200 अन्य न्यायाधीश भी जल्द ही इसमें शामिल होंगे। अग्रवाल ने कहा, 'उनके लिए बुनियादी ढांचे से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है।'

## 21 फरवरी की मध्यरात्रि तक दिए आंकड़े को माना जाएगा अंतिम

**❑ एसआइआर पर हाई कोर्ट में मैराथन बैठक, प्रशासनिक व न्यायिक तालमेल पर बनी सहमति**

**कोलकाता :** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआइआर) की प्रक्रिया में आ रही जटिलताओं को दूर करने के लिए गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में एक महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय बैठक हुई। मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की अध्यक्षता में लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल, राज्य पुलिस के डीजी पीयूष पांडे और कोलकाता के पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार सहित विशेष रोल आब्जर्वर सुब्रत गुप्ता उपस्थित रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाना था।

बैठक के दौरान यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि 21 फरवरी की मध्यरात्रि तक 'लाजिकल डिस्क्रिपेंसी' यानी डेटा संबंधी विसंगतियों के जो आंकड़े दिए गए थे, उन्हें ही अंतिम माना जाएगा। निर्वाचन आयोग इन आंकड़ों की आधिकारिक पुष्टि कर देगा। इसके साथ ही, प्रशासनिक स्तर पर तेजी लाते हुए राज्य के शेष न्यायिक अधिकारियों के लिए गुरुवार शाम तक 'लाग-इन आइडी' तैयार करने का निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, मतदाता सूची संशोधन के अंतिम चरण की जिम्मेदारी न्यायपालिका के कंधों पर है, जिसके तहत झारखंड और ओडिशा से आने वाले न्यायिक अधिकारियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

सूत्रों के अनुसार, आयोग ने स्पष्ट किया है कि 14 फरवरी तक जमा हुए उन सभी दस्तावेजों को शुक्रवार तक पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा जो अभी तक प्रक्रिया में थे।

इसके अतिरिक्त, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग अब प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के अनुसार न्यायिक अधिकारियों के कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन हाई कोर्ट को सौंपेगा। हालांकि, पड़ोसी राज्यों के न्यायिक अधिकारियों के आगमन की तिथि अभी तय होना बाकी है क्योंकि संबंधित हाई कोर्ट्स से अभी अंतिम पुष्टि मिलना शेष है। गौरतलब है कि मतदाता सूची में विसंगतियों के निपटारे के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति की योजना है, जिससे सोमवार से शुरू हुआ सत्यापन कार्य अब और अधिक गति पकड़ेगा।

## इंस्टामार्ट पर होली से पहले स्पायरा वॉटर ब्लास्टर लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** होली 2026 से पहले इंस्टामार्ट ने जर्मनी में विकसित प्रीमियम वॉटर ब्लास्टर ब्रांड 'स्पायरा' को भारत में लॉन्च किया है। सटीक प्रहार तकनीक और तेज रिफिल क्षमता के कारण स्पायरा को दुनिया के सबसे शक्तिशाली वॉटर ब्लास्टर्स में गिना जाता है। कंपनी का कहना है कि यह उत्पाद किडल्ट ट्रेंड को ध्यान में रखकर लाया गया है, जिसमें वयस्क भी प्रीमियम और आकर्षक डिजाइन वाले उत्पादों को पसंद कर रहे हैं। इंस्टामार्ट के प्रमुख मनेंदर कौशिक के अनुसार, त्योहारों पर त्वरित खरीदारी की बढ़ती मांग को देखते हुए यह खास पेशकश की गई है। स्पायरा के सीईओ सेबेस्टियन वाल्टर ने भारत को बड़ा बाजार बताया। भारत में संचालन के लिए कंपनी ने मुंबई की बेला लाइफस्टाइल के साथ साझेदारी की है।

## जंगीपुर रोड स्टेशन को मिलेगा आधुनिक स्वरूप, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत होगा व्यापक विकास

**कोलकाता :** मुर्शिदाबाद जिले के ऐतिहासिक शहर जंगीपुर में रेलवे अवसंरचना का व्यापक आधुनिकीकरण होने जा रहा है। भारतीय रेल की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जंगीपुर रोड रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। भागीरथी नदी के तट पर स्थित यह स्टेशन जंगीपुर उपखंड का मुख्यालय होने के साथ-साथ क्षेत्रीय परिवहन और यात्री सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का बुनियादी ढांचा और सौंदर्यीकरण दोनों ही क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए जाएंगे। इसमें स्टेशन भवन और फसाड का नवीनीकरण, पोर्टिको और कॉनकोर्स क्षेत्र का विकास, परिसंचरण क्षेत्र का आधुनिकीकरण, बेहतर पार्किंग, सड़क सुविधा और हरित क्षेत्र



विकसित करना शामिल है। यात्रियों की सुविधा के लिए नया फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, आधुनिक प्रतीक्षालय, वीडियो वॉल, ट्रेन और कोच संकेतक बोर्ड, बेहतर साइनेज प्रणाली और आकर्षक फसाड लाइटिंग भी स्थापित की जाएगी।

परियोजना में दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं, स्थानीय कला और संस्कृति के संवर्धन, स्टेशन सौंदर्यीकरण और पर्यावरण अनुकूल पहल पर विशेष ध्यान दिया गया है। परियोजना पूर्ण होने के बाद जंगीपुर रोड स्टेशन का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त यात्रा अनुभव मिलेगा। पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया है कि रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण के साथ क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखना प्राथमिकता होगी।

## आइआइएम कलकत्ता ने 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया

**❑ एमबीए के 61वें बैच का शत प्रतिशत हुआ प्लेसमेंट**

**❑ सबसे उच्च घरेलू आफर पैकेज 1.45 करोड़ रुपये प्रति वर्ष रहा, औसत सीटीसी 36 लाख रुपये**

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट कलकत्ता (आईआईएम कलकत्ता) ने अपने प्रमुख एमबीए कार्यक्रम के 61वें बैच के लिए फाइनल प्लेसमेंट 2026 सफलतापूर्वक संपन्न कर लिए हैं। संस्थान ने 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज करते हुए एक और उत्कृष्ट वर्ष का प्रदर्शन किया। इस प्रक्रिया में कुल 458 छात्रों ने भाग लिया, जिन्हें 202 भर्तीकर्ताओं से 542 ऑफर प्राप्त हुए। इनमें 61 प्रथम बार भाग लेने वाले रिक्रूटर्स भी शामिल थे। प्लेसमेंट सत्र में उच्चतम घरेलू पैकेज 1.45 करोड़ रुपये वार्षिक रहा, जबकि उच्चतम अंतरराष्ट्रीय ऑफर 1.10 करोड़ रुपये वार्षिक दर्ज किया



गया। बैच का औसत सीटीसी 5.05 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 36 लाख रुपये वार्षिक रहा, जबकि मीडियन वेतन 35 लाख रुपये रहा।

कंसल्टिंग क्षेत्र 206 ऑफरों (38%) के साथ शीर्ष पर रहा। बॉस्टन कंसलटिंग ग्रुप (बीसीजी) मैनेजमेंट कंसल्टिंग श्रेणी में शीर्ष रिक्रूटर रहा, जबकि एसेंसर स्ट्रेटेजी कंसल्टिंग में अग्रणी रहा। वित्त क्षेत्र में 100 से अधिक ऑफर दिए गए। मार्केटिंग और जनरल मैनेजमेंट क्षेत्र में कुल 161 ऑफर (30%) मिले। टेक्नोलॉजी क्षेत्र से गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और एडोब सहित कई कंपनियों ने भाग लिया, जहां कुल 72 ऑफर (13%) दिए गए।

संस्थान के निदेशक प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा, फाइनल प्लेसमेंट 2026 का सफल समापन हमारे छात्रों की दृढ़ता और उद्योग के निरंतर विश्वास को दर्शाता है। वहीं, प्लेसमेंट समिति की अध्यक्ष प्रो. ऋतु मेहता ने कहा, चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों के बावजूद हमने उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं और हम अपने रिक्रूटर्स के आभारी हैं।

61वें बैच की छात्रा मल्लिका केलकर, जो टीएएस जॉइन करेंगी, ने कहा, प्लेसमेंट प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण होती है, लेकिन प्लेसमेंट टीम के सुव्यवस्थित और संतुलित दृष्टिकोण ने अनुभव को सहज बना दिया।

## नथिंग ने कोलकाता में अपना छठवां एक्सक्लुसिव सर्विस सेंटर किया शुरू

**❑ पूर्वी भारत में आफ्टरसेल्स सपोर्ट मजबूत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** लंदन स्थित कंज्यूमर टेक कंपनी नथिंग ने कोलकाता में अपना छठवां एक्सक्लुसिव सर्विस सेंटर शुरू किया है, जिससे पूर्वी भारत में कंपनी का आफ्टर-सेल्स नेटवर्क और मजबूत हुआ है। गिरीश पार्क स्थित इस नए सेंटर में प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा प्रायरिटी सर्विसिंग, एडवांस डायग्नोस्टिक्स और समर्पित कस्टमर सपोर्ट एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जाएगा। नथिंग इंडिया की को-फाउंडर एवं प्रेसिडेंट एकिस इवांजेलिडिस ने कहा, नथिंग में हम ग्राहक अनुभव को केवल बिक्री तक सीमित नहीं मानते, बल्कि इसे उत्पाद अनुभव का अभिन्न हिस्सा समझते हैं। भारत में हमारे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता आधार को देखते हुए मजबूत और प्रीमियम सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार आवश्यक हो गया है। कोलकाता में छठे एक्सक्लुसिव सर्विस सेंटर की शुरुआत पूर्वी भारत के ग्राहकों को तेज, पारदर्शी और विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध कराने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा उद्देश्य है कि ग्राहकों को हर स्तर पर विश्वसनीय और सहज सेवा अनुभव मिले। कंपनी ने 2025 में अपने सर्विस नेटवर्क को 350 से बढ़ाकर 430 सेंटर तक पहुंचाया है और 2026 के अंत तक 500 सेंटर का लक्ष्य रखा है।

## इनड्राइव ने कोलकाता में लॉन्च किया 'इनड्राइव मार्च मेगा कॉन्टेस्ट'

**कोलकाता :** ग्लोबल मोबिलिटी प्लेटफॉर्म इनड्राइव, जो पसंद की स्वतंत्रता, उचित किराया और अन्याय को चुनौती देने के सिद्धांतों पर आधारित है, ने कोलकाता में 'इनड्राइव मार्च मेगा फेस्ट' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक महीने तक चलने वाला शहर-स्तरीय कॉन्टेस्ट है, जिसमें यात्रियों और ड्राइवर-पार्टनर्स दोनों को आकर्षक इनाम जीतने का अवसर मिलेगा। इंडिया के कंट्री मैनेजर अविक कर्माकर, ने कहा: इनड्राइव मार्च मेगा कॉन्टेस्ट एक निष्पक्ष और पारदर्शी मोबिलिटी इकोसिस्टम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम यात्रियों और ड्राइवरों को राइड की शर्तें चुनने और उचित किराए पर सीधे मोलभाव करने की स्वतंत्रता देते हैं।



कोलकाता नगर निगम के दावत-ए-इफ्तार समारोह में शिरकत करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## 28 फरवरी को जारी होगी राज्य की अंतिम मतदाता सूची, 7.08 करोड़ नाम शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की अंतिम मतदाता सूची को लेकर स्थिति अब स्पष्ट हो गई है। निर्वाचन आयोग ने बताया है कि 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, साथ ही शेष मतदाताओं की स्थिति को लेकर भी आयोग ने अपना पक्ष साफ किया है। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के निर्देश के अनुसार 28 फरवरी को अंतिम सूची जारी की जानी है। शीर्ष अदालत ने यह भी अनुमति दी है कि सूची प्रकाशित होने के बाद आवश्यकता पड़ने पर पूरक (सप्लीमेंटरी) सूची भी जारी की जा सकती है। इसको लेकर राज्य निर्वाचन तंत्र ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल अंतिम मतदाता सूची में 7 करोड़ 8 लाख मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे। जिन मतदाताओं के दस्तावेजों का सत्यापन अभी जारी है, उनका उल्लेख भी अंतिम सूची में किया जाएगा। इस बीच, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर कुल 530 न्यायिक अधिकारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्य में लगाए गए हैं। इनमें से 270 अधिकारियों ने काम शुरू कर दिया है, जबकि शेष अधिकारियों के लॉगिन आईडी तैयार किए जा रहे हैं। वर्तमान में लगभग 58 लाख मतदाताओं के दस्तावेजों का सत्यापन जारी है।

गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के बाद 4 नवंबर से राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई थी। प्रारंभिक चरण में एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण किया गया और फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया 15 दिसंबर तक चली। इसके बाद 16 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी, जिसमें 7 करोड़ 66 लाख मतदाताओं के नाम शामिल थे, जबकि 58 लाख नाम सूची से हटा दिए गए थे।

## नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग: 'एक्यूज्ड' सच और नजरिए पर उठाती है सवाल

**कोलकाता :** एक्यूज्ड अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन और धर्मा प्रोडक्शंस के निर्माण में बनी यह सायकोलॉजिकल ड्रामा सच, ताकत और नजरिए की जटिलताओं को सामने लाती है। फिल्म की कहानी डॉ. गीतिका सेन (कोंकणा सेन शर्मा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन पर कार्यस्थल पर गंभीर आरोप लगते हैं। आरोपों के बाद उनकी पेशेवर और निजी जिंदगी पर गहरा असर पड़ता है। मीरा (प्रतिभा रांटा) के साथ उनके रिश्ते में भी तनाव उभरता है। फिल्म सनसनी से दूर रहकर भावनात्मक उलझनों और सच की धुंधली रेखाओं को शांत ढंग से प्रस्तुत करती है। यह दर्शकों को किसी एक निष्कर्ष की ओर नहीं ले जाती, बल्कि खुद सोचने के लिए प्रेरित करती है। 'एक्यूज्ड' एक ऐसी कहानी है, जो खत्म होने के बाद भी मन में सवाल छोड़ जाती है।

## मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल का 9 कर्मचारियों के निलंबन पर 29वें दिन भी धरना जारी

**कोलकाता :** मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी एम्प्लॉइज एसोसिएशन की ओर से 9 निर्दोष कर्मचारियों के निलंबन के विरोध में अस्पताल परिसर के बाहर 29वें दिन भी लगातार धरना जारी है। यह धरना मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल प्रबंधन के कथित गलत निर्णय के विरोध में शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। इस विरोध सभा में अस्पताल प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय के मुद्दे पर संज्ञान लेने के लिए जोड़ासांको विधानसभा के विधायक विवेक गुप्ता पहुंचे। मैनेजमेंट के खिलाफ धरने पर बैठे कर्मचारियों ने अपनी-अपनी पीड़ा व्यक्त की। इस अवसर पर अशोक ओझा, बद्री नारायण मिश्रा, राजगृह सिंह, पवन शर्मा, संदीप सिंह, ममता सिंह, अजय उपाध्याय, सरोज मिश्र, ओम प्रकाश गुप्ता, बाबू नंद पांडेय, अंकुल सिंह, आकाश पांडेय, मुकेश दास, राजेश सिंह, स्वयं प्रकाश राय, मुकुंद पांडेय सिंह, प्रेम कुमार सिंह, गोविंद पांडेय, रवि शर्मा, उदय यादव, पवन पांडेय, विजय शर्मा, ऋषभ पांडेय, तिरलोकी नाथ, संजीत सिंह, अजीत साह, मुनेश पांडेय, बृजू चौधरी, मुकेश सिंह, रविंद्र सिंह, अनिल कुमार मिश्र, रणविजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, गोपाल सिंह, राजेश सिंह, अरुण सिंह तथा प्रदीप मिश्र, सुभाष चन्द्र सुंगध, सरोज मिश्रा, अशोक गुप्ता, महंगू सिंह, संतोष सिंह, शंकर चौधरी, सुरेश सिंह, श्रीराम शर्मा, सुशांत कानारार, अमर चौधरी और बबलू सिंह उपस्थित रहे। प्रबंधन की ओर से कहा गया है कि कर्मचारियों को बिना गलती के भी गलती स्वीकार करनी होगी। श्रमिकों ने इस शर्त को अस्वीकार्य बताया है। श्री सिंह ने कहा कि प्रबंधन दबाव बनाकर श्रमिको को जुड़े मामला में फंसाना चाहता है और मैनेजमेंट के तरफ से दलाल सामने आ रहे हैं। यह शांतिपूर्ण धरना का नेतृत्व संगठन के अध्यक्ष एवं श्रमिक नेता संतोष सिंह की अध्यक्षता में चल रहा है।

## बड़ाबाजार में चारनोक लोहिया हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन, हेरिटेज भवन में सुपर स्पेशियलिटी सुविधा शुरू



**कोलकाता :** सेंट्रल कोलकाता के बड़ाबाजार क्षेत्र में पश्चिम बंगाल के पहले प्राइवेट हेरिटेज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चारनोक लोहिया हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन किया गया। चारनोक हॉस्पिटल द्वारा स्थापित यह 250 बेड का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल लगभग 200 वर्ष पुरानी ग्रेड-ख हेरिटेज इमारत, जिसे पहले 'लोहिया मातृ सेवा सदन' के नाम से जाना जाता था, के पुनरुद्धार के बाद शुरू किया गया है। अस्पताल के आधुनिकीकरण पर 250 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है।

चारनोक लोहिया हॉस्पिटल के उद्घाटन मौके पर सम्मानीय अतिथियों में फिरहाद बॉबी हकीम (कोलकाता के मेयर), शशि पांजा (एमआइसी, इंडस्ट्री, कॉमर्स और एंटरप्राइज महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण, पश्चिम बंगाल सरकार), चंद्रिमा भट्टाचार्य (एमआईसी, वित्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी एवं पुनर्वास, पश्चिम बंगाल सरकार), सुजीत बोस (अग्निशमन राज्य मंत्री, पश्चिम बंगाल सरकार), दोला सेन (संसद सदस्य), विवेक गुप्ता (विधायक), देबोप्रसाद बाग (विधायक), राजेश कुमार सिन्हा (पार्षद), एलोरा साहा (पार्षद), तारक नाथ चट्टोपाध्याय (पार्षद), मृणाल साहा (पूर्व पार्षद), स्मिता बख्शी (पूर्व विधायक), संजय बख्शी (पूर्व विधायक), पवन बंसल, प्रशांत शर्मा (चारनोक हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक) के साथ समाज की कई दूसरी जानी-मानी हस्तियां इसमें शामिल हुए।



चारनोक हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक प्रशांत शर्मा ने कहा कि यह परियोजना हेरिटेज संरक्षण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का अनूठा उदाहरण है, जो सेंट्रल कोलकाता में आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी सुविधा की कमी को पूरा करेगी।

इस अस्पताल में 90 से अधिक वार्ड बेड, 20 प्राइवेट केबिन, 70 से अधिक आईसीयू बेड, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, कैथ लैब, सीटीवीएस और न्यूरो ओटी, 10 बेड का इमरजेंसी विभाग, 10 बेड की डायलिसिस यूनिट तथा उन्नत डायग्नोस्टिक व इमेजिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं।

अस्पताल से लगभग 1,000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ऑथोरिटी ने रचा इतिहास, ऊपरी जलक्षेत्र में पहली बार रात में पायलटेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** 155 वर्षों के इतिहास में पहली बार श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ऑथोरिटी (एसएमपीए) ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए कोलकाता डॉक सिस्टम (केडीएस) के ऊपरी जलक्षेत्र में रात के समय सफल पायलटेज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।एसएमपीए के अनुभवी पायलटों ने कंटेनर पोत सिनार पंगलाम सुसु*को अंधेरे के दौरान संकरे चैनल से सुरक्षित रूप से अंदर की ओर नेविगेट किया। यह उपलब्धि लंबे समय से चली आ रही उस धारणा को तोड़ती है, जिसके अनुसार ऊपरी जलक्षेत्र में रात में पायलटेज संभव नहीं था। पोत की कुल लंबाई 128 मीटर और ड्राफ्ट 6.1 मीटर थी। चुनौतीपूर्ण नौवहन परिस्थितियों के बावजूद यह ट्रांजिट पूरी तरह सुरक्षित और सफल रहा, जो बंदरगाह की पेशेवर दक्षता और परिचालन तत्परता को दर्शाता है।इस ऐतिहासिक सफलता की आधारशिला 2 मई 2025 को रखी गई थी, जब आउटवर्ड-बाउंड कंटेनर पोत सिनार पेनिडा के साथ पहला परीक्षण ट्रांजिट किया गया था। उसी अनुभव के आधार पर रात में पायलटेज को सफलतापूर्वक लागू किया गया।




अध्यक्ष रथेंद्र रमण के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट समन्वय से यह उपलब्धि संभव हो सकी। श्री रमण ने कहा कि यह कदम हुगली नदी प्रणाली में चौबीसों घंटे नौवहन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति है और यह बंदरगाह की तकनीकी उन्नति व परिचालन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने पायलटों और समुद्री कर्मियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सुरक्षित और कुशल नौवहन के नए मानक स्थापित करने का आह्वान किया। एसएमपीए ने 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

## बंगाल भाजपा ने विस चुनाव में मतदान के लिए दूसरे राज्यों में काम कर रहे प्रवासी बंगालियों को लाने के प्रयास तेज किए

**❑ प्रदेश भाजपा के नेता व सांसद प्रवासी बंगाली श्रमिकों से संपर्क साधने विभिन्न राज्यों का कर रहे हैं दौरा**

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल भाजपा के नेताओं ने विभिन्न राज्यों में काम के लिए गए प्रवासी बंगालियों को बिहार-पंजाब माडल की तर्ज पर इस बार मतदान के दौरान राज्य में लाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। बंगाल के भाजपा सांसद और नेता बंगाली समुदाय के लोगों से संपर्क साधने के लिए अन्य राज्यों के विभिन्न शहरों का लगातार दौरा कर रहे हैं। भाजपा नेताओं का मानना है कि अगर मतदान के समय अधिकांश प्रवासी मजदूरों को बंगाल लाया जाता है, तो चुनावी समीकरण बदल जाएंगे। इसीलिए भाजपा इस बार के विधानसभा चुनाव में आजीविका की तलाश में बंगाल छोड़कर दूसरे राज्यों में गए बंगाली समाज के इस वर्ग को साधने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसी उद्देश्य से बंगाल भाजपा के नेता एक के बाद एक राज्यों के विभिन्न प्रमुख शहरों का दौरा कर रहे हैं। पार्टी के नेता दूसरे राज्यों में काम कर रहे बंगालियों से नियमित बैठकें करके अपना समर्थन सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दूसरे राज्यों में रहने वाले प्रवासी बंगाली आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए बंगाल लौट आएं। यहां तक कि जिन लोगों के लिए यात्रा का खर्च वहन करना मुश्किल है, भाजपा उन्हें यह खर्च पार्टी की तरफ से उठाने का आश्वासन दे रही है।

## सात घंटे, 21 सर्जरी - बी.आर. सिंह अस्पताल ने रचा कार्डियक इतिहास

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीआर सिंह अस्पताल के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर ने चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए 25 फरवरी को मात्र सात घंटे में 21 जटिल हृदय संबंधी प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक पूरी कीं। सुबह 10 बजे शुरू हुआ मैराथन कार्डियक इंटरवेंशन डे शाम 5 बजे तक लगातार चला, जिसमें आठ स्टेंट प्रत्यारोपण सहित कुल 21 इंटरवेंशन किए गए। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सभी प्रक्रियाएं पूरी तरह इन-हाउस और सुव्यवस्थित ढंग से की गईं, जिससे न केवल गंभीर हृदय रोगियों को त्वरित और उच्चस्तरीय उपचार मिला, बल्कि रेलवे कोष को भी एक ही दिन में लगभग 7 से 8 लाख रुपये की बचत हुई। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि बैक-टू-बैक सर्जरी की इस पहल ने संस्थान की दक्षता, टीमवर्क और संसाधनों



के प्रभावी उपयोग को साबित किया है। इससे पहले, 18 फरवरी 2026 को अस्पताल ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की थी, जब भारतीय रेलवे के अस्पतालों के इतिहास में पहली बार यहां लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया गया। यह जटिल प्रक्रिया 86 वर्षीय एक बुजुर्ग मरीज पर की गई, जिन्हें पुराने पेसमेकर स्थल पर लगातार संक्रमण की गंभीर समस्या थी। वर्ष 2011 में स्थापित बी.आर. सिंह अस्पताल भारतीय रेलवे का दूसरा समर्पित कार्डियक सेंटर है, जो पूर्व रेलवे के साथ-साथ दक्षिण पूर्व रेलवे, उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे, पूर्व मध्य रेलवे, मेट्रो रेलवे और चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स के लाभार्थियों को भी सेवाएं प्रदान करता है। अब तक अस्पताल में 12,000 से अधिक कार्डियक इंटरवेंशन और 1,800 से ज्यादा सीटीवीएस सर्जरी की जा चुकी हैं, जबकि 6,500 से अधिक पेसमेकर प्रत्यारोपण और जन्मजात हृदय रोगों की जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक संपन्न की गई हैं।

# बंगाल में एसआइआर प्रक्रिया के दौरान मारे गए लोगों के परिवार के एक-एक सदस्य को मिलेगी सरकारी नौकरी

**❑ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय**

**❑ राज्य के सभी 430 ब्लाकों में बनेगा माडल स्कूल**

**कोलकाता :** बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य मंत्रिमंडल (कैबिनेट) ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया के दौरान मारे गए लोगों के परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। राज्य सचिवालय नबान्न में इस दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



मालूम हो कि राज्य में एसआइआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही बड़ा मुद्दा बना हुआ है। शुरू से ही एसआइआर का पुरजोर विरोध कर रही राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया के दबाव के कारण कई लोगों की मौत हुई है।एसआइआर के कथित डर से राज्य में कई बीएलओ व आम लोगों द्वारा खुदकुशी की घटनाएं भी सामने आई है, जिसका तृणमूल दावा कर रही है। राज्य सरकार की ओर से मारे गए लोगों की एक तालिका बनाई गयी है, जिसमें 61 लोगों का नाम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया है कि जिन लोगों की कम उम्र में मौत हो गई है या जो परिवार में एक मात्र कमाने वाले व्यक्ति थे, उनके परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

**❑ स्कूलों के विकास पर खर्च होंगे 2500 करोड़ रुपये, 430 ब्लाकों में बनेगा माडल स्कूल**

कैबिनेट बैठक में राज्य के सरकारी स्कूलों के विकास को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बताया गया है कि राज्य के सरकारी स्कूलों को विश्व स्तर का बनाने के लिए 2,500 करोड़ रुपये के मेगा प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार की गई है। कैबिनेट बैठक के बाद शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्य सचिवालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल अब शिक्षा के क्षेत्र में देश में सबसे आगे है। उस स्थिति को और मजबूत करने के लिए, राज्य ने स्कूल क्वालिटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट शुरू किया है। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) इस प्रोजेक्ट की कुल लागत का 70 प्रतिशत राशि खर्च करेगा। मंत्री ने बताया कि राज्य के 430 ब्लाकों में से प्रत्येक में कम से कम एक माडल स्कूल बनाया जाएगा, जबकि पिछड़े ब्लाकों में दो माडर्न स्कूल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षण पद्धति के साथ-साथ स्टेट-ऑफ-द-आर्ट लाइब्रेरी और सैनिटरी सिस्टम पर भी जोर दिया जाएगा। पूरे मामले पर एक विशेष मानिटरिंग टीम नजर रखेगी।

**❑ किसानों से 9.50 रुपये प्रति किलो दर से आलू खरीदेगी सरकार : पंचायत मंत्री**

वहीं, कैबिनेट बैठक में आलू किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बताया गया कि आलू की ज़्यादा पैदावार की वजह से आलू की खेती करने वाले किसान बाजार में उपज की कीमत गिरने से परेशान थे। किसानों की इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ने अब सीधे किसानों से आलू खरीदने का फैसला किया है। संवाददाता सम्मेलन में राज्य के ग्रामीण विकास पंचायत मंत्री प्रदीप मजूमदार ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर, राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से आलू खरीदेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पहले भी पांच बार सफलतापूर्वक की जा चुकी है। पंचायत मंत्री की घोषणा के मुताबिक, सरकार मार्च की शुरुआत से 9.50 रुपये प्रति किलो की दर से आलू खरीदना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के हस्तक्षेप से खुदरा बाजारों में आलू की कीमत नियंत्रित रहेगी और छोटे किसानों को इससे लाभ होगा।

## नामांकन से ही निगरानी के लिए राज्य में मौजूद रहेगा केंद्रीय पर्यवेक्षकों का दल

**प्रत्येक विधानसभा की अंतिम निगरानी के लिए कम से कम एक पर्यवेक्षक तैनात रहेगा**

**कोलकाता :** प्रत्येक विधानसभा के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। चुनाव अधिसूचना जारी होने के दिन से ही केंद्रीय पर्यवेक्षकों का एक दल राज्य में मौजूद रहेगा। सूत्रों के अनुसार, प्रत्येक विधानसभा की अंतिम निगरानी के लिए कम से कम एक पर्यवेक्षक तैनात रहेगा। नामांकन प्रक्रिया की निगरानी भी केंद्रीय पर्यवेक्षकों द्वारा की जाएगी। चुनाव आयोग ने पिछले चुनावों के अनुभव के आधार पर देखा है कि नामांकन चरण से ही बंगाल के कई स्थानों से अशांति की शिकायतें और रिपोर्टें आने लगी थीं। नामांकन पत्र जबरन वापस लेने के बाद से राजनीतिक हिंसा के आरोप भी लगे थे। पिछले विधानसभा चुनावों में विपक्ष ने नामांकन चरण से ही कई शिकायतें उठाई थीं। इस बार राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने निर्णय लिया है कि अधिसूचना जारी होने के दिन से ही लगभग 294 विधानसभा केंद्रों पर अलग-अलग केंद्रीय पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे।

**❑ बहुमंजिला इमारतों में स्थापित किए जा रहे हैं 78 मतदान केंद्र**

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बहुमंजिला इमारतों में कुल 78 मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इस प्रकार के बूथों की सबसे अधिक संख्या दक्षिण 24 परगना में 25 है। उत्तर 24 परगना में 16 है। उत्तर कोलकाता में पांच और दक्षिण कोलकाता में एक है। हावड़ा में चार, हुगली में तीन और पूर्व बद्र्धमान एक है।

आयोग के सूत्रों के अनुसार, आगामी विधानसभा चुनावों में बूथों की संख्या 80,681 से बढ़ाकर 94,000 करने की संभावना थी। लेकिन वर्तमान स्थिति को देखते हुए बूथों की संख्या में 100 या 200 की और वृद्धि हो सकती है। कुल मिलाकर, बूथों की कुल संख्या लगभग 81,000 रहने की उम्मीद है।

## ममता के 'सीधे मुख्यमंत्री' अभियान का इंस्टाग्राम पेज हुआ हैक, जांच शुरू

**❑ डिजिटल पेज का प्रबंधन करने वाली एजेंसी ने बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में की लिखित शिकायत**

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महत्वाकांक्षी जनसंपर्क अभियान 'सरासरी मुख्यमंत्री' (सीधे मुख्यमंत्री) अभियान का आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज हैक हो गया है। नागरिकों की शिकायतों को सीधे सुनने के लिए शुरू किए गए इस डिजिटल प्लेटफार्म पर हुए इस साइबर हमले ने राज्य प्रशासन के शीर्ष गलियारों में चिंता पैदा कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए नवान्न (राज्य सचिवालय) ने सख्त रुख अपनाया है और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, इस डिजिटल पेज का प्रबंधन करने वाली एजेंसी ने बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। हैकिंग की जानकारी मिलते ही तुरंत सुरक्षा प्रोटोकाल सक्रिय किए गए और अकाउंट का पासवर्ड बदला गया। भविष्य की जांच और साक्ष्य के तौर पर साइबर विशेषज्ञों ने अकाउंट के लाग डिटेल्स, टाइम स्टैम्प और स्क्रीनशाट्स को सुरक्षित रख लिया है।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह केवल एक तकनीकी चूक नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण पहल को बाधित करने का प्रयास है। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिलकर आइपी एड्रेस ट्रैकिंग और अकाउंट गतिविधि का विश्लेषण शुरू कर दिया है। नवान्न ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए डिजिटल सुरक्षा को और अधिक अभेद्य बनाया जाएगा।

### एक साथ सात दुकानों में चोरी से दहशत



**हुगली, समाज्ञा :** ग्रामीण पुलिस के सिंगुर थाना क्षेत्र और चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के भद्रेश्वर थाना अंतर्गत बिलकुली और नयापाड़ा इलाके में चोरी की लगातार घटनाओं से इलाके में दहशत फैल गई। कपड़ों की दुकान, लाई बनाने की फैक्ट्री, सोने की दुकान, दवा दुकान समेत कुल सात दुकानों और एक घर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। लगातार हुई इन चोरियों से स्थानीय लोगों में भारी चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही भद्रेश्वर और सिंगुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची । साथ ही डिटेक्टिव डिपार्टमेंट के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक के बाद एक चोरी की घटनाओं से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### धू-धू कर जली जब्त गाड़ियां, देर से पहुंचे फायर फाइटर



**हुगली, समाज्ञा :** बैंडेल बाजार में आबकारी विभाग द्वारा जब्त कर रखी गई एक के बाद एक गाड़ियों में आग लग गई। आग धू-धू कर जलने लगी और काले धुएं का गुब्बार आसमान में उठने लगा, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग तेजी से भयावह रूप लेती गई। बैंडेल पुलिस फांड़ी की पुलिस मौके पर मौजूद थी। आग लगने के लगभग दो घंटे बाद दमकल की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। दमकल इंजनों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। दमकल के देर से पहुंचने पर स्थानीय व्यवसायियों और निवासियों में भारी नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक भयावह आग की खबर मिलते ही दमकल विभाग को सूचना दी गई थी, लेकिन काफी देर तक दमकल नहीं पहुंच सकी। उन्होंने कहा कि समय पर दमकल पहुंचती तो आग को जल्दी नियंत्रित किया जा सकता था और देर होने पर बड़ा हादसा हो सकता था। आरोप लगाया कि पुराने जब्त वाहनों को बिना देखरेख के जमा करके रखा जाता है और संभवतः वहीं से आग लगी। आग की तीव्रता बहुत अधिक थी और इसे तुरंत नियंत्रित करना बेहद जरूरी था, लेकिन प्रशासन की उदासीनता साफ नजर आई।

## विधानसभा चुनाव से पहले स्थायी डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया तेज, यूपीएससी ने मांगे आईपीएस अधिकारियों के नाम

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में पुलिस महकमे के शीर्ष पद पर स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया तेज हो गई है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पश्चिम बंगाल सरकार से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों के नाम मांगे हैं, जिनमें से एक को राज्य का नया स्थायी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया जाएगा।

वर्तमान में 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी पीयूष पांडे कार्यवाहक डीजीपी के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राज्य के अंतिम स्थायी डीजीपी मनोज मालवीय थे, जो वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त हुए थे। उसके बाद से यह पद स्थायी रूप से भरा नहीं जा सका है।

सूत्रों के अनुसार यूपीएससी से पत्र मिलने के बाद राज्य सचिवालय नवान्न में संबंधित विभाग ने संभावित नामों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वरिष्ठता के आधार पर 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुज शर्मा का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। वह फिलहाल पश्चिम बंगाल अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के महानिदेशक हैं।

संभावित सूची में कार्यवाहक डीजीपी पीयूष पांडे के अलावा होम गार्ड के महानिदेशक नटराजन रमेश बाबू, राज्य सुधार सेवा के महानिदेशक सिद्ध नाथ गुप्ता तथा सिविल डिफेंस के महानिदेशक संजय सिंह के नाम भी शामिल हो सकते हैं।

गौरतलब है कि 31 जनवरी को तत्कालीन कार्यवाहक डीजीपी राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद राज्य सरकार ने पीयूष पांडे को कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया था। उस समय केंद्र सरकार ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने तय समयसीमा के भीतर यूपीएससी को नामों की सूची नहीं भेजी, जिसके कारण स्थायी नियुक्ति को मंजूरी नहीं मिल सकी।

डीजीपी की नियुक्ति को लेकर लंबे समय से केंद्र और राज्य के बीच गतिरोध बना हुआ था। अब माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद इस मामले में समाधान की राह खुल सकती है। चुनावी माहौल में पुलिस प्रमुख की स्थायी नियुक्ति को प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज सुमित्रो भाजपा में शामिल

**❑ ममता सरकार की रोजगार नीतियों को बताया 'युवा विरोधी'**

**कोलकाता :** बंगाल की राजनीति में आज एक महत्वपूर्ण मोड़ देखने को मिला, जब 'वंदे मातरम' के रचयिता और महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के परिवार के सदस्य सुमित्रो चट्टोपाध्याय औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। साल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की उपस्थिति में उन्होंने सदस्यता ग्रहण की।



श्रम विभाग में वरिष्ठ पद पर अपनी सेवाएं दे चुके सुमित्रो चट्टोपाध्याय का भाजपा में आना न केवल प्रतीकात्मक रूप से बड़ा कदम माना जा रहा है, बल्कि प्रशासनिक अनुभव के कारण इसे तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ एक मजबूत रणनीतिक बढ़त के तौर पर भी देखा जा रहा है।

पार्टी की सदस्यता लेने के तुरंत बाद सुमित्रो चट्टोपाध्याय ने राज्य की वर्तमान सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने बंगाल की रोजगार व्यवस्था को विफल करार देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने एक प्रशासनिक आदेश के जरिए एम्प्लायमेंट एक्सचेंज से लाखों युवाओं का डेटा समाप्त कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने 'एम्प्लायमेंट बैंक' का गठन तो किया, जहां 40 लाख युवाओं ने पंजीकरण कराया था, लेकिन वह केवल एक कागजी कवायद बनकर रह गया।

चट्टोपाध्याय ने 'युवा श्री' योजना के बंद होने और वर्तमान 'युवा साथी' योजना की आलोचना करते हुए कहा कि युवाओं को प्रतिदिन मात्र 50 रुपये की सहायता देना उनके भविष्य के साथ मजाक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगाल का युवा खैरात नहीं, बल्कि सम्मानजनक रोजगार का अवसर चाहता है।

## एमआर बांगुर अस्पताल में जटिल सर्जरी से 75 वर्षीय महिला की बची जान

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता स्थित एमआर बांगुर अस्पताल में चिकित्सकों ने एक जटिल लैप्रोस्कोपी सर्जरी कर 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जान बचा ली। ऑपरेशन के दौरान उनके पित्ताशय से लगभग दो हजार पथरी निकाली गईं, जिसे डॉक्टर हाल के समय का अत्यंत दुर्लभ मामला बता रहे हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, रीजेंट पार्क निवासी महिला को 24 तारीख को पेट में तेज दर्द और लगातार उल्टी की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। वह कई महीनों से इस समस्या से पीड़ित थीं और विभिन्न स्थानों पर उपचार कराने के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिली थी। एमआर बांगुर अस्पताल के सर्जरी विभाग में विस्तृत जांच के बाद उनके पित्ताशय में बड़ी संख्या में पथरी की पुष्टि हुई। चूंकि मरीज मधुमेह और उच्च रक्तचाप से भी ग्रस्त थीं, इसलिए पहले उनकी स्थिति को नियंत्रित किया गया। गुरुवार दोपहर करीब एक घंटे तक चली सर्जरी में चिकित्सकों ने सफलतापूर्वक सभी पथरी निकाल दीं। फिलहाल, मरीज की हालत स्थिर और संतोषजनक बताई जा रही है।

सर्जरी टीम में डॉ. निलय नारायण सरकार के नेतृत्व में डॉ. इंद्राणी देवनाथ, डॉ. अनुभव साहा और डॉ. महिबुल्ला शामिल थे। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. ब्रजेंद्रनाथ दास, डॉ. हिमालय दत्त, डॉ. सरफराज रहमान और डॉ. शाहारिया ने जिम्मेदारी संभाली। नर्सिंग स्टाफ में अन्वेषा जाना और असीमा दास सहित अन्य कर्मियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. शिशिर नस्कर ने इस उपलब्धि को सरकारी स्वास्थ्य सेवा के लिए उल्लेखनीय बताते हुए पूरी चिकित्सा टीम को बधाई दी।

## हावड़ा हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई, शूटरों को पनाह देने वाले तीन आरोपी गिरफ्त



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के पिलखाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी व्यवसायी मोहम्मद शफिक खान की हत्या के मामले में पुलिस ने अहम कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन लोगों ने वारदात को अंजाम देने वाले शूटरों को छिपने और फरार होने में मदद की थी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद बिलाल उर्फ रिंकू (36), मोहम्मद वकिल उर्फ मुन्ना (32) और दिलदार हुसैन (32) के रूप में हुई है। बिलाल उत्तर कोलकाता के जोड़ासांको थाना क्षेत्र के केलाबागान का निवासी है, जबकि वकिल और दिलदार बउबाजार इलाके के रहने वाले बताए गए हैं। घटना के बाद से तीनों आरोपी फरार थे। बुधवार देर रात गुप्त सूचना मिलने पर हावड़ा सिटी पुलिस, खुफिया विभाग और गोलाबाड़ी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने उत्तर कोलकाता में छापेमारी कर उन्हें एक ठिकाने से गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि हत्या के मुख्य आरोपी हारून खान और रोहित हुसैन वारदात के बाद जोड़ासांको इलाके में बिलाल के संपर्क में थे और वहीं छिपे हुए थे। पुलिस को तीनों गिरफ्तार आरोपियों और मुख्य शूटरों के बीच लगातार संपर्क के प्रमाण मिले हैं। फिलहाल, खुफिया विभाग के अधिकारी आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। मुख्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है और उनके संभावित ठिकानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

### हावड़ा गोलीकांड के विरोध में भाजपा का जोरदार प्रदर्शन, गोलाबाड़ी थाने का घेराव



**हावड़ा, समाज्ञा :** भारतीय जनता पार्टी ने पिलखाना में हुए गोलीकांड के विरोध में गुरुवार को व्यापक प्रदर्शन करते हुए गोलाबाड़ी थाने का घेराव किया। बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक नंदी बागान मोड़ से जुलूस के साथ गोलाबाड़ी थाना की ओर बढ़े। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि शांत पिलखाना को अशांत करने वाले गौतम चौधरी दूर हटो। पूरे इलाके में राजनीतिक माहौल गरमा गया और पुलिस ने एहतियातन अतिरिक्त बल तैनात किया। इस बीच मुख्य आरोपी की एक तस्वीर स्थानीय तृणमूल विधायक के साथ सोशल मीडिया पर वायरल होने से लोगों में आक्रोश और बढ़ गया। भाजपा नेता उमेश राय ने घटना की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार से बातचीत के बाद उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच जारी होने की बात कही है।

**NAME CHANGE**

I, Samin Aktar Zamader (old name), S/o Hafijul Zamadar, residing at Vill- Purba Daulatpur, P.O.- Dighirpar Bazar, P.S.- Falta, Dist.- South 24 Parganas, Pin- 743503, West Bengal, INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Md. Samin Aktar Zamadar (new name) as declared before the Notary public at Kolkata dated 26/02/2026. Md. Samin Aktar Zamadar (new name) and Samin Aktar Zamader (old name) both are same and identical person.

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 108/City(E) of 2025-26 of The E.E.-I , City Dvn., P.W.D.** for 2 (two) nos. work at Jessop Building, 63, N.S. Road, Kolkata-700001 are invited from bonafied agencies having credential for similar urgent nature of works. Bid submission closing date (online) will be on **12.03.2026 at 12.00 hrs. Tender ID: 2026_PWD_1015737_1/2.** Other details may be seen from the web site: http://etender.wb.nic.in & http://wbpwd.in.

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 287_2025-26 और 288_2025-26,, दिनांक 25.02.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 287_2025-26, कार्य का विवरण** : एईएन/डीकेएई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/डीकेएई के अधिकार क्षेत्र में स्टेशन केक्यूयू और बीएमएई की मौजूदा सतह का विकास और प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 3,22,81,793.17, **बयाना राशि:** रु. 3,11,400/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 288_2025-26, कार्य का विवरण** : एईएन/बीडब्ल्यूएन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/ बीडब्ल्यूएन के खंड में फेज-2 के लिए बीडब्ल्यूएन रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर के आंतरिक नवीनीकरण का सुधार और एईएन/बीडब्ल्यूएन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/बीडब्ल्यूएन के खंड में फेज-2 के लिए बीडब्ल्यूएन रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर के दरवाजे और खिड़की का सुधार कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,13,36,326.10, **बयाना राशि:** रु. 3,56,700/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य प्रत्येक हेतु। **समापन अवधि :** 12 माह प्रत्येक हेतु। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 18.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-648/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी। **क्रम सं., निविदा सं., कार्यों का विवरण, निविदा मूल्य एवं बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1), टी-पीयूबी-जीआरसी-2026-423, दिनांक 25.02.2026,**: एडीईएन/सेटलमेंट/जीआरसी, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच के तहत बिल्डिंग नंबर 19 और 20 का सुदृढ़ीकरण एवं सुधार तथा अन्य विविध कार्य, रु. 4,90,56,973.96, रु.3,95,300/- **(2), टी-पीयूबी-जीआरसी-2026-424, दिनांक 25.02.2026,** एडीईएन/सेटलमेंट/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र के तहत नॉर्थ कॉलोनी, गार्डन रीच कॉम्प्लेक्स में नए ऑडिटोरियम (G+1) का निर्माण, रु. 9,23,14,004.09, रु.6,11,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00 (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु), **खुलने की तिथि:** 24.03.2026 (क्रम सं. 1 हेतु) और 18.03.2026 (क्रम सं. 2 हेतु), **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 हेतु) और 18 (अठारह) माह) (क्रम सं. 2 हेतु)। निविदा अनुसूची में कोई परिवर्तन, संशोधन, बदलाव, यदि कोई है, केवल ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध होगा एवं समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। हेल्प डेस्क संपर्क नं. 033-2450-3783 (PR-1239)

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 19.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-187-25-26, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टीएसआर(पी)-11.699 टीकेएम, टीएफआर-14.729 और टीटीआर-30 सेट तथा अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,91,08,115.81, **बयाना राशि :** रु.2,95,600/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-189-25-26, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के कार्यक्षेत्र में बारुईपुर यार्ड का सुधार एवं अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,60,06,647.28, **बयाना राशि :** रु.2,30,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 09 (नौ) माह (प्रत्येक हेतु)। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार **ई-निविदा प्रपत्र की लागत** शून्य है। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.03.2026 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 24.03.2026 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-417/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-38-25, दिनांक 20.02.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-38-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधीन झील साइडिंग में लाइन नं. 16, 17, 18, 19 के विस्तार के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य एवं अन्य सहायक कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,26,14,529.46, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,13,100/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 13.03.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/ वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-652/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 286_2025-26, दिनांक 24.02.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ 2, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। ई-निविदा सं. 286_2025-26, कार्य का विवरण** : एईएन/डीकेएई के तहत एसएसई/पी.वे/डीकेएई, एसएसई/पी.वे/केक्यूयू, एसएसई/पी.वे/ जीआरएई और एईएन/बीडब्ल्यूएन के तहत एसएसई/पी.वे/ईस्ट/बीडब्ल्यूएन और एसएसई/पी.वे/वेस्ट/बीडब्ल्यूएन के तहत 1 वर्ष की अवधि के लिए नियमित आधार पर विभिन्न ट्रैक और अन्य रेलवे सामग्रियों की लोडिंग, अनलोडिंग और परिवहन सहित वाहन किराए पर लेना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 50,36,455.40, **बयाना राशि:** रु. 1,00,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 18.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-646/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

One Day
"Awareness Cum Seminar"
on
Handloom Enforcement/GI/IHB/
Eco-Friendly
or
Natural Dyeing/Handloom Mark
Under scheme for "Protection of Handlooms and implementation of Handloom Reservation Act-1985" for the FY2026-2027
Date : 28.02.2026
Time : 11 a.m
Place
Office of the Development Officer (Handloom) Kalna, 1st Floor, Tanter Haat, Dhatrigram, Vill-Boro-Swarajpur, P.O.- Dhatrigram, Purba Bardhaman-713405

**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

**सं.: सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025** **दिनांक 24.02.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 03 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं.: पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-एफईबी-07, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय** : दिनांक 11.03.2026 को 14.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. , स्टेशनों के नाम** निम्नानुसार हैं: **(1)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-डीटीई-टीडब्ल्यू-150-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), धात्रिग्राम, **(2)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एलओके-टीडब्ल्यू-209-26-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), लोकनाथ, **(3)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एमवाईएम-टीडब्ल्यू-108-26-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), मेमारी, **(4)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीएचसी-टीडब्ल्यू-126-26-1 (पार्किंग-टू-व्हीलर),चांचाई, **(5)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-आईपीआरए-टीडब्ल्यू-289-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), इस्लामपाड़ा हाल्ट, **(6)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीबीई-टीडब्ल्यू-235-26-2 (पार्किंग-टू-व्हीलर), बैद्यबाटी, **(7)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीआरएमएच-एमएक्स-99-26-1 (पार्किंग-मिक्सड), बेलुड़मठ। HWH-651/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**"दोलयात्रा" के दिन हावड़ा मंडल के तहत कुछ उपनगरीय ट्रेनों का निरस्तीकरण**

"दोलयात्रा" उत्सव के कारण, हावड़ा मंडल की निम्नलिखित 65 ईएमयू लोकल ट्रेनें दिनांक 03.03.2026 (मंगलवार) को निरस्त रहेंगी।

- **हावड़ा-बर्द्धमान (मेन लाइन): अप** - 37819, 37711 और 37843, **डाउन** - 37822 और 37612 = कुल 05 ट्रेनें।
- **हावड़ा-बर्द्धमान (कॉर्ड लाइन): अप** - 36071, 36817, 36825, 36827, 36081 और 36033, **डाउन** - 36072, 36814, 36830, 36834, 36082, 36034 और 36840 = कुल 13 ट्रेनें।
- **हावड़ा - बैण्डेल (मेन लाइन): अप** - 37213, 37215, 37219, 37221, 37227, 37243, 37201 और 37511, **डाउन** - 37224, 37202, 37232, 37236, 37240, 37246 और 37512 = कुल 15 ट्रेनें।
- **हावड़ा - सेवड़ाफुली : अप** - 37041, 37045, 37047, 37049 और 37055, **डाउन** - 37042, 37046, 37048, 37050 और 37056 = कुल 10 ट्रेनें।
- **हावड़ा - तारकेश्वर : अप** - 37301, 37323, 37331 और 37413, **डाउन** - 37302, 37332, 37342 और 37414 = कुल 08 ट्रेनें।
- **नैहाटी-बैण्डेल : अप** - 37527, 37531 और 37535, **डाउन** - 37528, 37532 और 37536 = कुल 06 ट्रेनें।
- **हावड़ा-श्रीरामपुर : अप** - 37011 और 37013, **डाउन** - 37012 और 37014 = कुल 04 ट्रेनें।
- **बर्द्धमान - कटवा : अप** - 35013 और 35019, **डाउन** - 35014 और 35020 = कुल 04 ट्रेनें।

**टिप्पणी:** दिनांक 03.03.2026 (मंगलवार) को, 37815 हावड़ा-बर्द्धमान मेन लाइन ईएमयू लोकल और 37824 बर्द्धमान - हावड़ा मेन लाइन ईएमयू लोकल ट्रेनें मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कर्जदार, गारंटी देने वाले दोनों के खिलाफ एक साथ ऋण शोधन कार्यवाही शुरू कर सकता कर्जदाता : न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक ही कर्ज के लिए मूल कर्जदार और उसके कॉरपोरेट गारंटर दोनों के खिलाफ एक साथ दिवाला कार्यवाही चलाई जा सकती है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत ऐसा कोई वैधानिक प्रतिबंध नहीं है जो वित्तीय कर्जदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए समानांतर कार्रवाई शुरू करने से रोकता हो। न्यायमूर्ति दत्ता ने 47 पृष्ठ के फैसले की शुरुआत में लिखा, ''न्यायाधीश को मनमाने ढंग से नए नियम बनाने का अधिकार नहीं है....।'' न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, ''ऋणदाता द्वारा अपने कर्ज के लिए गारंटी प्राप्त करने के औचित्य को पूरी तरह से समझना उचित जान पड़ता है। आईबीसी के अंतर्गत अधिकारों से संपन्न वित्तीय ऋणदाता को इन अधिकारों का प्रयोग करने में सक्षम होना चाहिए। इसी प्रकार, निर्णय लेने वाले प्राधिकरण का यह दायित्व है कि वह आवेदन की स्वतंत्र रूप से, उसके गुणों के आधार पर जांच करे।'' इस फैसले ने भारतीय अनुबंध अधिनियम के उस मूलभूत सिद्धांत की पुष्टि की है जिसमें कहा गया है कि जमानतदार (गारंटर) का दायित्व मूल कर्जदार के दायित्व के बराबर होता है। इसमें कहा गया है कि यदि किसी कर्जदाता को एक दिवाला प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही दूसरी शुरू करने के लिए मजबूर किया जाता है, तो गारंटी का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। फैसले में कहा गया, ''इसका मतलब यह होगा कि अंतरिम अवधि में गारंटर को ऋण चुकाने से छूट मिल जाएगी, जिसका प्रावधान आईबीसी में नहीं है।''

## एप्पल ने भारत में अपना छठा स्टोर खोला

**मुंबई :** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज एप्पल ने बृहस्पतिवार को यहां एक उपनगरीय शॉपिंग मॉल में एक स्टोर खोला, जिससे उसके फोन और अन्य उत्पादों की स्वीकार्यता में तेजी से वृद्धि के बीच देश में उसके कुल बिक्री केंद्रों की संख्या छह हो गयी है। अमेरिका स्थित आईफोन निर्माता ने बृहस्पतिवार दोपहर वित्तीय राजधानी में अपने दूसरे स्टोर के दरवाजे खोले तो वहां भारी भीड़ थी। कंपनी, जिसे शुरुआत में खुदरा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर नियमों को लेकर बाधाओं का सामना करना पड़ा, ने अप्रैल, 2023 में भारत में अपना पहला स्टोर खोला था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दो बिक्री केंद्र हैं और बेंगलुरु और पुणे में एक-एक है। कंपनी के अनुसार, स्काई सिटी मॉल का नवीनतम स्टोर 70 से अधिक लोगों को रोजगार देगा और अपनी सभी ऊर्जा जरूरतों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करेगा। कंपनी ने कहा, इसमें एप्पल उत्पादों और सेवाओं की पूरी श्रृंखला होगी।

## सैमसंग के सस्ते स्मार्टफोन भी होंगे एआई से लैस, एस26 मॉडल पेश

**सैन फ्रांसिस्को :** दिग्गज उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी को अब अपने सस्ते स्मार्टफोन में मुहैया कराने जा रही है, ताकि आम उपभोक्ताओं को भी एआई सुविधाओं के लाभ मिल सकें। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने तीसरी पीढ़ी की गैलेक्सी एआई सीरीज़ का प्रीमियम स्मार्टफोन 'एस26' पेश करने के मौके पर बुधवार को यह जानकारी दी। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू पुल्लन ने कहा कि कंपनी एआई फीचर को अब अपने सबसे सस्ते मॉडल तक ले जा रही है। कंपनी ने हाल ही में 15,000 रुपये की शुरुआती कीमत में गैलेक्सी ए07 5जी मॉडल बाजार में उतारा है, जिसमें एआई से जुड़े फीचर दिए गए हैं।

## कमजोर वैश्विक रुख से चांदी 7,400 रुपये लुढ़की, सोना 1,300 रुपये टूटा

**नयी दिल्ली :** कमजोर वैश्विक रुख और कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 7,400 रुपये घटकर 2.70 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1,300 रुपये के नुकसान के साथ 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 7,400 रुपये या लगभग तीन प्रतिशत घटकर 2,70,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। इसका पिछला बंद स्तर 2,77,900 रुपये प्रति किलोग्राम था।

## भारत, इजराइल के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर अगले दौर की बातचीत मई में

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और इजराइल के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले दौर की बातचीत मई में होगी। दोनों पक्षों ने यहां चार दिवसीय बातचीत का पहला चरण पूरा किया।


## पश्चिम बंगाल में एडीबी के समर्थन से 2,500 करोड़ रुपये की लागत से 430 मॉडल स्कूल खोले जाएंगे

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की वित्तीय सहायता से लगभग 2,500 करोड़ रुपये की लागत से कुल 430 मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बसु ने राज्य प्रशासनिक मुख्यालय में हुई मंत्रिमंडल बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि इस पहल का लक्ष्य पूरे राज्य में शिक्षा प्रणाली का विस्तार करना है। उन्होंने कहा, ''एडीबी की सहायता से राज्य में कुल 430 मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। इस पर करीब 2,500 करोड़ रुपये की लागत आएगी।'' बसु ने कहा कि राज्य के हरेक ब्लॉक में एक मॉडल स्कूल स्थापित किया जाएगा, जबकि 87 पिछड़े ब्लॉक में इस तरह के दो-दो स्कूल खोले जाएंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा, ''इन मॉडल स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, पर्यावरण-अनुकूल स्कूल भवन, प्रयोगशालाएं, डिजिटल बुनियादी ढांचा, पुस्तकालयों और खेलों के लिए विशेष सुविधाएं और अच्छी स्वच्छता सुविधाएं होंगी।'' उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में खासकर विकलांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचा भी होगा।

## जीडीपी की नयी श्रृंखला में जीएसटी, ई-वाहन, घरेलू सेवाओं के आंकड़ों को किया जाएगा शामिल

**नयी दिल्ली :** आधार वर्ष 2022-23 के साथ सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की नयी श्रृंखला जारी की जाएगी। इसमें आर्थिक आंकड़ों को अधिक सटीक बनाने के लिए माल एवं सेवा कर, ई-वाहन और रसोइया, चालक और घरेलू सहायकों द्वारा प्रदान की जाने वाली घरेलू सेवाओं के आंकड़े शामिल किए जाएंगे। नयी श्रृंखला पर आधारित तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) के जीडीपी आंकड़े शुक्रवार को जारी किए जाएंगे। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने नयी श्रृंखला को लेकर बार-बार पूछे जाने वाले सवाल और उसके जवाब जारी किये हैं। इसके अनुसार, अर्थव्यवस्था में वर्षों से हुए बदलाव को दर्शाने के लिए आधार वर्ष को समय-समय पर अद्यतन किया जाता है। राष्ट्रीय लेखा का आधार वर्ष 2011-12 से संशोधित करके 2022-23 किया जा रहा है।

## एआई से नौकरियां जाने की आशंका निराधार, भारतीय आईटी कंपनियों के अवसर बढ़ेंगे: गोयल



**मुंबई :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नौकरियां जाने की आशंका को निराधार बताते हुए कहा कि नई प्रौद्योगिकी से भारतीय कंपनियों के लिए अवसर बढ़ेंगे। गोयल ने यहां 'ईवाई' की तरफ से आयोजित एक पुरस्कार समारोह में कहा कि एआई के रोजगार पर पड़ने वाले नकारात्मक असर को लेकर वह 'थोड़ा भी चिंतित नहीं' हैं। उन्होंने एआई पर हो रहे व्यापक वैश्विक निवेश की तुलना वर्ष 2000 के 'वाई2के' दौर से की, जब यह आशंका जताई जा रही थी कि सदी बदलने पर कंप्यूटर काम करना बंद कर देंगे। उन्होंने कहा, वाई2के के समय भी ऐसी आशंकाएं थीं कि सबकुछ ठप हो जाएगा। लेकिन एक जनवरी, 2000 के बाद भारतीय आईटी उद्योग ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं एआई को भी वैसा ही निर्णायक मोड़ मानता हूं। वाणिज्य मंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब 315 अरब डॉलर के भारतीय आईटी उद्योग और उससे जुड़े करीब 60 लाख रोजगार पर एआई के संभावित असर को लेकर गहरी चिंता जताई जा रही है। गोयल ने एआई को बेहतर भविष्य के लिए एक 'शक्तिशाली क्रांति' बताते हुए कहा, ''जितना अधिक हम प्रौद्योगिकी से जुड़ेंगे, उतनी ही मानव कौशल और प्रतिभा की जरूरत बढ़ेगी। इससे नए अवसर भी पैदा होंगे।'' उन्होंने कहा कि एआई से अधिक मुनाफा, बेहतर कामकाज और निर्यात के नए अवसर खुलेंगे, जिनका लाभ देश के 23 लाख विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और गणित (एसटीईएम) स्नातक उठा सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने हाल के वर्षों में हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में दो-तिहाई हिस्सेदारी रखने वाले 38 विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते किए हैं। इन समझौतों से भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं, नवाचार नेटवर्क और प्रतिभा गतिशीलता से जुड़ने में मदद मिलेगी।

## प्रधानमंत्री मोदी 28 फरवरी को माइक्रॉन के सेमीकंडक्टर संयंत्र का करेंगे उद्घाटन



**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को अहमदाबाद के निकट साणंद में अमेरिकी चिप विनिर्माता माइक्रॉन टेक्नोलॉजीज के सेमीकंडक्टर असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना में 22,516 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। गुजरात सरकार के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह अत्याधुनिक एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) संयंत्र है। जून, 2023 में राज्य सरकार और माइक्रॉन ने 2.75 अरब डॉलर के इस संयंत्र के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। माइक्रॉन के चेयरमैन, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजय मेहरोत्रा ने कहा कि एआई प्रणालियां मजबूत मेमोरी और स्टोरेज समर्थन पर निर्भर करती हैं और तत्काल प्रतिक्रिया देने वाली प्रौद्योगिकी के लिए उन्नत मेमोरी समाधान की जरूरत लगातार बढ़ रही है। राज्य सरकार के बयान के मुताबिक, फिलहाल संयंत्र में 2,000 लोग कार्यरत हैं और आगे चलकर 5,000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। परियोजना से लगभग 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा होने की संभावना है।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

**मुंबई :** वैश्विक संकेतों के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 27 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी में 14 अंक की बढ़त दर्ज की गई। कारोबारियों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक एवं कुछ अन्य प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सूचकांकों पर दबाव बना। इसके अलावा अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले निवेशकों ने सतर्कता भी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 27.46 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,248.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 82,579.16 अंक के ऊपरी और 81,970.47 अंक के निचले स्तर को छुआ। इस तरह सूचकांक में 608.69 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 14.05 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 25,496.55 अंक पर पहुंच गया।

## तेलुगु परंपराओं के साथ हुई विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी



**उदयपुर (राजस्थान) :** दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना बृहस्पतिवार को उदयपुर के बाहरी इलाके में अरावली की खूबसूरत पहाड़ियों से घिरे एक होटल में परिणय सूत्र में बंध गये। तेलुगु परंपराओं के अनुसार सम्पन्न हुईं शादी की रस्में 23 फरवरी से शुरू हुए तीन दिवसीय प्री-वेडिंग समारोह का समापन थीं। विवाह के बाद मेहमानों ने होटल के बाहर काजू बर्फी बांटी। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना 23 फरवरी को उदयपुर पहुंचे थे। अगले दो दिनों तक उनकी प्री-वेडिंग कार्यक्रम हुए। इस दौरान होटल परिसर में एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच हुआ, जिसे वीरोश प्रीमियर लीग नाम दिया गया था। दोनों कलाकारों ने इन समारोहों की झलकियां सोशल मीडिया पर साझा कीं। बुधवार को विजय देवरकोंडा ने हल्दी की रस्म की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें गोलाकार पुष्प सज्जा, लकड़ी के छोटे स्टूल और रुशी तथा विजय लिखे प्लेकार्ड दिखाई दिए। रश्मिका मंदाना ने भी तस्वीरें साझा कीं।

## गूगल मैप पर जल्द दिखेंगे अधिकृत आधार केंद्र, यूआईडीएआई ने की पहल




**नयी दिल्ली :** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने देशभर में अधिकृत 'आधार' केंद्रों को गूगल मैप पर प्रदर्शित करने के लिए साझेदारी की है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस पहल से लोग गूगल मैप पर खोज कर यह जान सकेंगे कि संबंधित आधार केंद्र पर वयस्क नामांकन, बच्चों का नामांकन या केवल पता और मोबाइल नंबर अपडेट की सुविधा जैसी कौन-सी सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा गूगल मैप पर आधार केंद्र की सुगम्यता से जुड़ी जानकारी भी दिखाई जाएगी। इसमें दिव्यांगजन के अनुकूल ढांचा, पार्किंग सुविधा और कार्य समय की जानकारी शामिल होगी। यह सुविधा आने वाले महीनों में शुरू होने की संभावना है। इस सहयोग से देश भर में मौजूद 60,000 से अधिक आधार केंद्रों तक लोगों की आसान पहुंच सुनिश्चित होगी। यूआईडीएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भुवनेश कुमार ने कहा, आधार संख्या धारकों के जीवन को आसान बनाना हमारी प्राथमिकता है। यह सहयोग अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच को सरल, तेज और पारदर्शी बनाएगा।




# अभिषेक और पंड्या के अर्धशतक से भारत की 72 रन की प्रचंड जीत



**चेन्नई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रन से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत बनाए रखा। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप एक से अंतिम चार में स्थान सुनिश्चित कर लिया है, जबकि भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाला अगला मुकाबला दूसरी टीम का फैसला करेगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने चार विकेट पर 256 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो प्रतियोगिता के इतिहास के सबसे बड़े स्कोरों में शामिल है। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 30 गेंद में 55 रन बनाकर तेज शुरुआत दी। उन्होंने संजू सैमसन (24) के साथ पहले विकेट के लिए 48 रन और इशान किशन (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 33 रन का योगदान दिया। हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद में नाबाद 50 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने तिलक वर्मा (नाबाद 44 रन, 16 गेंद) के साथ पांचवें विकेट के लिए 31 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी कर टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। अंतिम ओवरों में लगातार छक्कों की बरसात से जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर दबाव बना रहा। 257 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम छह विकेट पर 184 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने नाबाद 97 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, जबकि कप्तान सिकंदर रजा ने 31 रन बनाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई, लेकिन लक्ष्य काफी दूर रहा। भारतीय गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ने 24 रन देकर तीन विकेट झटके। अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे को एक-एक सफलता मिली। इस प्रभावशाली जीत से भारत ने प्रतियोगिता में अपनी स्थिति सुदृढ़ करते हुए सेमीफाइनल की राह आसान कर ली है।

### भारत-वेस्टइंडीज मुकाबला तय करेगा सेमीफाइनल की राह

सुपर आठ चरण में अब भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाला मुकाबला सेमीफाइनल की तस्वीर साफ करेगा। भारत ने पिछले मैच में शानदार जीत दर्ज कर अपने नेट रन दर को मजबूत किया है, जबकि वेस्टइंडीज भी शुरुआती सफलताओं के दम पर दावेदारी बनाए हुए है। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष क्रम लय में नजर आ रहा है और मध्यक्रम भी तेजी से रन जुटा रहा है। गेंदबाजी में तेज और स्पिन दोनों विभाग संतुलित दिख रहे हैं। दूसरी ओर वेस्टइंडीज की ताकत उसकी आक्रामक बल्लेबाजी है, जो किसी भी लक्ष्य को चुनौती दे सकती है।इस मुकाबले का परिणाम ही तय करेगा कि सेमीफाइनल का टिकट किसे मिलेगा। प्रशंसकों की निगाहें अब इस रोमांचक टक्कर पर टिकी हैं।

## सेबी ने म्यूचुअल फंड के पास रखे सोने, चांदी के लिए मूल्यांकन व्यवस्था में बदलाव किया

**नयी दिल्ली :** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को म्यूचुअल फंड योजनाओं के तहत भौतिक रूप से रखे गये सोने और चांदी की मूल्यांकन व्यवस्था में संशोधन किया। इसके तहत शेयर बाजारों द्वारा सर्वेक्षण के आधार पर जारी हाजिर मूल्यों का उपयोग मूल्य निर्धारण के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। भौतिक रूप से वितरित सर्राफा डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान के लिए उपयोग किए जाने वाले हाजिर मूल्य अब ऐसी संपत्ति के मूल्य निर्धारण का आधार बनेंगे, जो पहले के मानक का स्थान लेंगे। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में कहा कि यह एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। सेबी ने कहा, ''यह निर्णय लिया गया है कि एक अप्रैल, 2026 से...म्यूचुअल फंड भौतिक सोने और चांदी का मूल्यांकन मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों द्वारा प्रकाशित सर्वेक्षण किए गए हाजिर मूल्यों का उपयोग करके करेंगे, जिनका इस्तेमाल भौतिक रूप से वितरित सोने और चांदी के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान के लिए किया जाता है।'' वर्तमान में, सोने और चांदी के ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) अपनी होल्डिंग्स का मूल्यांकन लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) की सुबह 10.30 बजे की नीलामी मूल्यों के आधार पर करते हैं। इसमें मुद्रा रूपांतरण, परिवहन लागत, सीमा शुल्क, कर और अन्य शुल्कों को समायोजित करके घरेलू मूल्य निर्धारित किए जाते हैं। यह कदम सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमन, 2026 के अनुरूप है। इसका उद्देश्य मूल्यांकन को घरेलू बाजार की स्थितियों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने और एकरूपता एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। म्यूचुअल फंड उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) सेबी के परामर्श से, कार्यान्वयन के लिए एक समान नीति निर्धारित करेगा।

### सेनको गोल्ड ने सेबी के फैसले का किया स्वागत, गोल्ड ईटीएफ निवेश को बताया सकारात्मक कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा म्यूचुअल फंड्स को आंशिक रूप से गोल्ड ईटीएफ में निवेश की अनुमति दिए जाने के फैसले का आभूषण उद्योग ने स्वागत किया है। सेनको गोल्ड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुवंकर सेन ने इस निर्णय को स्वर्ण एवं रजत उद्योग के लिए सकारात्मक कदम बताया है। सुवंकर सेन ने कहा कि आभूषण उद्योग लंबे समय से यह मानता रहा है कि सोना और चांदी केवल आभूषण या स्त्रीधन भर नहीं, बल्कि भारतीय परिवारों के लिए दीर्घकालिक संपत्ति और वास्तविक संपत्ति सृजन का मजबूत माध्यम हैं। उनके अनुसार, सेबी का यह कदम इस धारणा को और मजबूती देगा कि सोना भविष्य के लिए सुरक्षित निवेश विकल्प है। उन्होंने कहा कि गोल्ड ईटीएफ में निवेश की अनुमति से निवेशकों के बीच सोने को एक संरचित और पारदर्शी निवेश साधन के रूप में स्वीकार्यता बढ़ेगी।

## सेमीफाइनल की दहलीज पर न्यूजीलैंड, स्पिन के सामने इंग्लैंड की चुनौती

**कोलंबो :** टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में श्रीलंका पर 61 रन की प्रभावशाली जीत के बाद न्यूजीलैंड अब सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित करने के इरादे से इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगा। न्यूजीलैंड का नेट रन दर प्लस 3.050 है और उसे अंतिम चार में पहुंचने के लिए केवल हार का अंतर कम रखना होगा। इंग्लैंड अपने दोनों मुकाबले जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुका है, लेकिन यह मैच समूह में शीर्ष स्थान तय करने के लिए अहम रहेगा। पाकिस्तान का नेट रन दर माइनस 0.461 है और उसके लिए आगे की राह कठिन हो गई है। न्यूजीलैंड ने पिछले मैच में छह स्पिनरों के साथ उतरकर अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी थी। मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची की स्पिन चौकड़ी प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर प्रभावी साबित हो सकती है। ऐसे में इंग्लैंड के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा होगी। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक और हरफनमौला विल जैक्स अच्छी लय में हैं, लेकिन अनुभवी जोस बटलर को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीवंत रखने के लिए बल्लेबाजी में सुधार करना होगा भारत को

**होबार्ट :** मौजूदा विश्व चैंपियन भारत को पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे श्रृंखला की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीती है। इस प्रारूप में इन दोनों देशों के बीच खेली गई श्रृंखलाओं में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की।

## दक्षिण अफ्रीका की नौ विकेट से जीत, सेमीफाइनल की राह लगभग साफ



**अहमदाबाद :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली। यह टीम की लगातार छठी जीत रही, जिससे उसने प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखा। पहले गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के तेज आक्रमण ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को पूरी तरह झकझोर दिया। कागिसो रबाडा ने 22 रन देकर दो विकेट और लुंगी एनगिडी ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वेस्टइंडीज ने सात ओवर के भीतर 60 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे और एक समय उसका स्कोर सात विकेट पर 83 रन था। हालांकि निचले क्रम में रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52) और जेसन होल्डर (49) ने आठवें विकेट के लिए 57 गेंद में 89 रन की रिकॉर्ड साझेदारी कर टीम को संभाला। उनकी बदौलत वेस्टइंडीज ने आठ विकेट पर 176 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने आक्रामक शुरुआत की। कप्तान एडेन मारक्रम ने 46 गेंद में नाबाद 82 रन की कप्तानी पारी खेली, जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल रहे। उन्होंने क्विंटन डिकॉक (47) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 95 रन जोड़े। इसके बाद रेयान रिकलटन (नाबाद 45) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को 16.1 ओवर में ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले में 69 रन बनाकर मैच पर नियंत्रण स्थापित कर लिया था। डिकॉक ने 24 गेंद में चार चौके और चार छक्के जड़े। मारक्रम ने एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया और अंत में चौका लगाकर मैच समाप्त किया। इस हार से वेस्टइंडीज के नेट रन दर में भारी गिरावट आई है, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने दो महत्वपूर्ण अंक अर्जित कर अंतिम चार की दौड़ में मजबूत स्थिति बना ली है।

### न्यायालय ने सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 10 मार्च तक के लिए स्थगित की

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने कहा कि वह होली की छुट्टियों के दौरान वांगचुक द्वारा दिए गए भाषणों के वीडियो को देखेगी। पीठ ने कहा, 'हम उन पेन ड्राइव (की सामग्री) को देखना चाहते हैं। हमने रजिस्ट्रार से छुट्टियों के दौरान व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।' उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वह याचिका पर सुनवाई 10 मार्च को पूरी कर लेगा। उच्चतम न्यायालय ने 23 फरवरी को मामले की सुनवाई 26 फरवरी के लिए स्थगित कर दी थी क्योंकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उपलब्ध नहीं थे। जब मामले की सुनवाई शुरू हुई, तो केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने यह कहते हुए सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया कि मेहता किसी अन्य अदालत में व्यस्त हैं।

### सिक्किम में दो अलग-अलग तीव्रता वाले भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत, कोई घायल नहीं

**गंगटोक:** सिक्किम में बृहस्पतिवार को भूकंप के 4.6 और 3.5 तीव्रता वाले झटके महसूस किये गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजकर 24 मिनट पर 4.6 की तीव्रता वाला पहला भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र ग्यालशिंग जिले के युक्सोम से चार किमी उत्तर-पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई में था। अधिकारियों ने बताया कि मांगन जिले में दोपहर 12 बजकर 17 मिनट पर 3.5 तीव्रता वाला भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया। इसका केंद्र गंगटोक से 11 किमी उत्तर-पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था। अधिकारियों ने बताया कि दोनों भूकंप में जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### प्रधानमंत्री 28 फरवरी को अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को राजस्थान के अजमेर की 14 वर्ष आयु की लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का उद्घाटन करेंगे, जिसके साथ ही महिलाओं में रोके जा सकने वाले कैंसर को खत्म करने की दिशा में भारत के यह एक बड़े कदम की औपचारिक शुरुआत होगी। इस अभियान के दौरान एकल खुराक के रूप में 'गार्डासिल' 4 नाम का एक 'क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन' का इस्तेमाल किया जाएगा। यह इंजेक्शन सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है।

### आईजीआई हवाई अड्डे पर 23.9 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने थाईलैंड से आए दो भारतीय यात्रियों के पास से 23.9 किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 24 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि यात्री 22 फरवरी को टर्मिनल 3 पर पहुंचे और उन्हें आव्रजन क्षेत्र के 'ग्रीन चैनल' पर रोक लिया गया। सीमा शुल्क विभाग ने बयान में कहा, उनके सामान की एक्स-रे जांच की गई और उसके बाद विस्तृत जांच की गई। तलाशी के दौरान, अधिकारियों ने हरे रंग के संदिग्ध मादक पदार्थ से भरी पॉलीथीन की 14 थैलियां बरामद कीं - जिनमें से आठ एक ट्रॉली बैग में और छह दूसरे बैग में छिपाई गई थीं। अधिकारियों के अनुसार बरामद पदार्थ का कुल वजन 23,936 ग्राम था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह पदार्थ गांजा या मारिजुआना है। विभाग के अनुसार, जब्त किए गए नशीले पदार्थों का अनुमानित मूल्य लगभग 23.9 करोड़ रुपये है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल में भारतीय मूल के यहूदियों से की बातचीत



**यरूशलम:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को इजराइल की अपनी दो दिवसीय यात्रा समाप्त करने से कुछ घंटे पहले भारतीय मूल के यहूदी समुदाय के प्रमुख सदस्यों से मुलाकात करके उनसे बातचीत की। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, 2023 तक इजराइल में भारतीय मूल के लगभग 85,000 यहूदी रहते थे। मोदी से मिलने वालों में यरूशलम से लगभग 75 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित अश्केलोन की एक परिषद सदस्य डॉ. रिकी शाही भी थीं, जिन्होंने प्रधानमंत्री को 'लोगों के लिए बहुत कुछ करने वाला' बताया और कहा कि यह उनके कार्यों में दिखाई देता है। बड़ौदा निवासी माता-पिता की पुत्री शाही ने कहा, 'वे ज्यादा बोलते नहीं हैं, लेकिन बहुत कुछ करते हैं।' उन्होंने बताया कि उन्होंने बड़ौदा और अश्केलोन के बीच 'जुड़वां शहर' कार्यक्रम की शुरुआत की है। मणिपुर में जन्मे मानव संसाधन प्रबंधक इसहाक थांगजोन लगभग पांच साल पहले इजराइल आए थे। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा वाकई 'शानदार' है।' भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (जिन्हें आमतौर पर बनेई मेनाशे कहा जाता है) से शेष सभी 5,800 यहूदियों को अगले पांच वर्षों में इजराइल वापस लाने के इजराइल सरकार के प्रस्ताव में हो रही प्रगति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'परिस्थिति अनुकूल होती जा रही है और हालात बहुत अच्छे दिख रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मेरी कामना है कि प्रधानमंत्री मोदी इजराइल-भारत संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाएं।' बुधवार को मोदी ने दिव्यांग कलाकारों के एक समूह द्वारा 'आई लव माई इंडिया...' गीत की प्रस्तुति को 'यादगार' बताया, जिसने भारतीय मूल के यहूदियों और इजराइली नागरिकों को एक साथ लाने का काम किया। इजराइली संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल में भारतीय मूल के जीवंत यहूदी समुदाय को मान्यता दी और शिक्षा, संस्कृति, सार्वजनिक जीवन और राष्ट्रीय सेवा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने याद वशेम स्मारक का दौरा किया, होलोकॉस्ट पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां स्थित याद वाशेम स्मारक का दौरा किया और 'होलोकॉस्ट' के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू भी मौजूद थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, होलोकॉस्ट के पीड़ितों की स्मृति को नमन करते हुए और शांति तथा मानव गरिमा की रक्षा के हमारे साझा संकल्प को दोहराते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व होलोकॉस्ट स्मरण केंद्र याद वाशेम का दौरा किया। होलोकॉस्ट द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाज़ी जर्मनी द्वारा किया गया नरसंहार था, जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों को मार डाला गया था।

## इतिहास को सही ढंग से पढ़ाया जाता, तो कोई भी मुसलमान औरंगजेब को नायक नहीं मानता: फडणवीस



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर पिछले 70 साल के दौरान स्कूलों में इतिहास को सही ढंग से पढ़ाया जाता, तो कोई भी मुसलमान मुगल बादशाह औरंगजेब को 'नायक' नहीं मानता। उन्होंने मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज और मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के बीच तुलना करने के प्रयासों की भी निंदा की। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। फडणवीस ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पहले मुगलों पर 17 पृष्ठ और शिवाजी महाराज पर केवल एक पृष्ठ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अब शिवाजी महाराज और मराठा इतिहास के लिए 20 पृष्ठ सुनिश्चित किये हैं। उन्होंने कहा, 'अगर पिछले 70 साल में इतिहास सही ढंग से पढ़ाया जाता, तो एक भी मुसलमान औरंगजेब को नायक नहीं मानता। हम आक्रांताओं को नायक मानने वालों का हमेशा विरोध करेंगे।' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह टीपू सुल्तान के अच्छे या बुरे होने की बहस में नहीं पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हालांकि, हम टीपू सुल्तान और छत्रपति शिवाजी महाराज की किसी भी तरह की तुलना का विरोध करेंगे। टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, लेकिन उन्होंने ऐसा अपने राज्य को बचाने के लिए किया। लेकिन उन्होंने 75,000 हिंदुओं और 33,000 नायर को भी मार डाला।' इससे पहले, कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने शिवाजी महाराज और टीपू सुल्तान की तुलना करके विवाद खड़ा कर दिया था। फडणवीस ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए टिप्पणी को 'शर्मनाक' बताया था।

## न्यायालय की रजिस्ट्री में सुधार नहीं ला सका तो अपने कर्तव्य के निर्वहन में चूक जाउंगा:सीजेआई



**नयी दिल्ली:** भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि वह अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री में मामलों को सूचीबद्ध करने में सुधार नहीं ला पाया, तो अपने कर्तव्य के निर्वहन में चूक जाउंगा। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने ये टिप्पणी उत्तर प्रदेश गैंगस्टर अधिनियम से संबंधित एक याचिका की सुनवाई के दौरान की, जिसे उच्चतम न्यायालय की अन्य पीठों ने पहले ही खारिज कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री की कार्य प्रणाली की 'गहन जांच' करने की बात कही। पीठ ने कहा कि यह मामला उसके समक्ष कैसे सूचीबद्ध किया गया, जबकि इसी तरह के एक मामले की वर्तमान में उच्चतम न्यायालय की एक अन्य पीठ में सुनवाई जारी है। पीठ ने इरफान सोलंकी द्वारा दायर याचिका को अपने पास रखा, जिसमें उत्तर प्रदेश गैंगस्टर अधिनियम की वैधता को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि यह केंद्रीय कानून बीएनएस की धारा 111 के विपरीत है। किसी कानून को तब विपरीत कहा जाता है जब राज्य और केंद्रीय कानून एक ही विषय क्षेत्र को कवर करते हैं, ऐसी स्थिति में केंद्रीय कानून प्रभावी होता है। उन्होंने कहा कि प्रधान न्यायाधीश का पदभार संभालने के बाद से उन्होंने मामलों की सूची तय करने के संबंध में कड़े कदम उठाए हैं, लेकिन समस्या अब भी बनी हुई है। उन्होंने कहा, ''पिछले हफ्ते मुझे एक शिकायत मिली और रजिस्ट्री में जो हो रहा है उसे देखकर मैं स्तब्ध रह गया। रजिस्ट्री के अधिकारी सोचते हैं कि वे यहां 20-30 साल के लिए हैं और न्यायाधीश केवल छह-सात साल के लिए। न्यायाधीश आते-जाते रहते हैं। समस्या यह है कि वे सोचते हैं कि हम (न्यायाधीश) सभी अस्थायी अवस्था में हैं और वे इस संस्था में स्थायी हैं।' प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''यही हो रहा है और वे सोचते हैं कि रजिस्ट्री को उनके मन मुताबिक काम करना चाहिए। अगर मैं अपने कार्यकाल समाप्त होने से पहले उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री में सुधार नहीं ला पाया, तो अपने कर्तव्य के निर्वहन में चूक जाऊंगा।'

## युवा कांग्रेस ने किया सत्याग्रह, चिब और अन्य पदाधिकारियों की रिहाई की मांग



**नयी दिल्ली:** भारतीय युवा कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और कई कार्यकर्ताओं कि गिरफ्तारी के खिलाफ बृहस्पतिवार को सत्याग्रह किया और उनकी रिहाई की मांग की। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख वरुण पांडेय की ओर से जारी बयान के अनुसार, कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्रीनिवास बी.वी., दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, कांग्रेस के दिल्ली कांग्रेस प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पंजाब से कांग्रेस विधायक राणा गुरजीत सिंह और कई अन्य नेता इस सत्याग्रह में शामिल हुए। कांग्रेस के इन सभी नेताओं ने एक स्वर से यह मांग कि उदय भानु चिब और युवा कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं को जल्द से जल्द रिहा किया जाए। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बीते शुक्रवार को एआई समिट में भारत मंडपम के हॉल नंबर पांच के अंदर कमीज उतारकर और सरकार तथा भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ नारे छपी हुई टी-शर्ट हाथ में लेकर विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों द्वारा उन्हें वहां से हटा दिया गया। इस मामले में चिब और युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

### दिल्ली पुलिस तीन आरोपियों के साथ शिमला से लौटी

## जब कोई नाम के आगे मोहम्मद लगा लेता है तो कांग्रेस के युवराज उसे अपने महल में बुला लेते हैं: धामी



**देहरादून:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब कोई अपने नाम के आगे मोहम्मद लगा लेता है तो वह उसे अपने महल में बुला लेते हैं लेकिन वैसे उन्हें मुस्लिम महिलाओं की पीड़ा से कोई मतलब नहीं है। पौड़ी जिले के बिलखेत में तीन दिवसीय 'नयार वैली एडवेंचर फेस्टिवल -2026' का उदघाटन करने के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कोटद्वार के मोहम्मद दीपक का जिक्र करते हुए कहा, ''जब कोई अपने नाम के आगे मोहम्मद लगा लेता है तो कांग्रेस के युवराज (राहुल गांधी) उसे अपने महल में बुला लेते हैं और अपने समर्थकों से ऐसे लोगों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन करवाते हैं। जब तक वह दीपक था, आपने उसे नहीं बुलाया लेकिन जैसे ही उसने अपने नाम के आगे मोहम्मद लगाया, उसे आपने बुला लिया।'' कोटद्वार में एक दुकान का नाम बदलने को लेकर हुए विवाद में 'मोहम्मद दीपक' के नाम से मशहूर जिम संचालक दीपक कुमार से गांधी ने नयी दिल्ली में मुलाकात की थी। गांधी पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि मुस्लिम समाज में कई प्रकार की कुरीतियों से पीड़ित महिलाओं का उन्होंने हाल जानने की कभी कोशिश नहीं की और न ही उनकी पीड़ा के बारे में कुछ कहा । धामी ने कहा, 'अब कांग्रेस के युवराज बताएं कि उन्होंने तीन तलाक, हलाला, बहुविवाह, इद्दत जैसी कुरीतियों से पीड़ित हमारी मुस्लिम बहनों में से किसी का हाल जाना या मुस्लिम समुदाय में व्याप्त कुरीतियों पर (कुछ कहा)? उनके मुंह पर ताला लगा हुआ था, उन्होंने कभी कुछ नहीं बोला।'

## जेएनयूएसयू के विरोध मार्च के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच झड़प, कई लोग हिरासत में



**नयी दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ द्वारा बृहस्पतिवार को आयोजित एक मार्च के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों ने उन पर हमला किया, जबकि हिरासत में लिए गए छात्रों ने पुलिस पर अत्यधिक बल प्रयोग का आरोप लगाया। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने लाठियां और जूते फेंके और हमला किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। आरोप है कि इस खींचतान के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को दांतों से काटा भी गया। पुलिस ने बताया कि जब प्रदर्शनकारियों ने परिसर से बाहर रैली निकालने की कोशिश की, तो कॉलेज गेट पर छात्रों की पुलिस से झड़प हो गई। जेएनयूएसयू अध्यक्ष अदिति मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार और कई अन्य को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि छात्रों ने जेएनयू परिसर से शिक्षा मंत्रालय तक लॉन्ग मार्च का आह्वान किया था।

## राहुल गांधी ने वायनाड में भूस्खलन पीड़ितों के लिए 100 घरों की आधारशिला रखी



**वायनाड (केरल):** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को यहां 2024 के भूस्खलन के पीड़ितों के लिए पार्टी द्वारा निर्मित किए जाने वाले 100 घरों की आधारशिला रखी। कांग्रेस द्वारा 100 मकानों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से प्रत्येक का क्षेत्रफल 1,100 वर्ग फुट और भूमि का क्षेत्रफल 8 सेंट होगा। सेंट भूमि मापन की एक इकाई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि वह और उनका परिवार इस त्रासदी में सब कुछ खो चुके लोगों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने दो बड़े भूस्खलनों और उन पर लोगों की प्रतिक्रिया को याद किया। गांधी जी ने कहा, आपने बहुत कुछ खोया है, लेकिन आपने अपना हौसला नहीं खोया। आपने अपना साहस कभी नहीं खोया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपने अपनी करुणा नहीं खोई। राहुल ने कहा कि प्रियंका गांधी वाद्रा ने पीड़ितों के लिए मकान बनाने की प्रक्रिया में कथित देरी की ओर इशारा किया था।

## 109 साल पुराने कर्ज का भुगतान पाने के लिए ब्रिटिश सरकार को नोटिस भेजेगा सीहोर का रूठिया परिवार




**सीहोर (मप्र):** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के प्रतिष्ठित और रसूखदार व्यवसायी रहे सेठ जुम्मा लाल रूठिया के परिवार की तीसरी पीढ़ी के एक सदस्य ने दावा किया है कि करीब 109 साल पहले तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उनके दादा से 35,000 रुपये का 'युद्ध ऋण' लिया था, जिसे आज तक लौटाया नहीं गया है। दिवंगत व्यवसायी सेठ जुम्मा लाल रूठिया के पोते, विवेक रूठिया अब ब्रिटेन की सरकार को एक कानूनी नोटिस भेजने की योजना बना रहे हैं ताकि उन्हें 1917 में लिया गया यह कथित कर्ज उन्हें वापस मिल सके। पैंसठ वर्षीय विवेक रूठिया ने ब्रिटिश हुकूमत के साथ कर्ज के लेन-देन के दस्तावेज होने का दावा करते हुए कहा कि अंग्रेज देश छोड़कर चले गए लेकिन आज तक इस कर्ज को नहीं लौटाया। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सरकार को कर्ज देने के 20 साल बाद 1937 में उनके दादा की मौत हो गई थी। साल 1917 में प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) के दौरान, भारत में ब्रिटिश प्रशासन ने अपने युद्ध प्रयासों का समर्थन करने के लिए स्थानीय नागरिकों से धन मांगा था। विवेक रूठिया ने कहा कि पुनर्भुगतान की राशि अब करोड़ों रुपये में होगी। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, उस समय सोने की क्या कीमत थी और आज क्या है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है।

## उच्च न्यायालय ने 'द केरल स्टोरी 2' फिल्म की रिलीज पर रोक के खिलाफ अपील पर फैसला सुरक्षित रखा





**कोच्चि:** एकल न्यायाधीश द्वारा 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' फिल्म की रिलीज पर 15 दिन के लिए रोक लगाने के कुछ घंटों बाद, केरल उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को अंतरिम आदेश के खिलाफ एक अपील पर विचार किया और इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति पी वी बालकृष्णन की पीठ ने देर शाम की गई सुनवाई में टिप्पणी की कि फिल्म के प्रमाणन का विरोध करने संबंधी याचिकाएं जनहित याचिका की प्रकृति की थीं और सवाल उठाया कि एकल न्यायाधीश इसकी सुनवाई कैसे कर सकते हैं। हालांकि पीठ ने अदालत में निर्माता द्वारा मांगे गए किसी भी अंतरिम आदेश को पारित नहीं किया। पीठ ने फिल्म के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की ओर से विस्तृत दलीलें सुनीं, जिन्होंने एकल न्यायाधीश के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। फिल्म निर्माताओं ने दावा किया कि यह फिल्म केरल राज्य या किसी भी धार्मिक समुदाय को नुकसान नहीं पहुंचाती या बदनाम नहीं करती है।

# डिजिटल मंचों को ऑनलाइन सामग्री और बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए: वैष्णव



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि डिजिटल मंचों को अपनी सामग्री की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और कंटेंट निर्माताओं व समाचार संगठनों के साथ उचित राजस्व बंटवारे को सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने साथ ही चेतावनी भी दी कि अगर कंटेंट निर्माताओं को उचित लाभ नहीं दिया जाता तो नवाचार प्रभावित होगा। वैष्णव ने यहां 'डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन' (डीएनपीए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से निर्मित सामग्री के उपयोग को विनियमित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि ऐसी सामग्री का निर्माण उस व्यक्ति की सहमति के बिना नहीं किया जाना चाहिए जिसका चेहरा, आवाज या व्यक्तित्व इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मंचों को अपनी सामग्री की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा, सभी नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा मंचों की जिम्मेदारी है। केंद्रीय मंत्री ने बौद्धिक संपदा का सम्मान करने व उचित मुआवजा पाने पर जोर दिया और कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला एवं साहित्य के क्षेत्र में समाज की प्रगति इसी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मंचों को न केवल समाचार संगठनों के साथ बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों में स्वतंत्र रचनाकारों, प्रभावशाली व्यक्तियों, प्रोफेसरों और शोधकर्ताओं के साथ भी उचित राजस्व साझाकरण सुनिश्चित करना चाहिए। वैष्णव ने कहा, मैं सभी मंचों से अपनी वार्ता की नीतियों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करता हूं। अगर स्वैच्छिक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो कई देशों ने पहले ही दिखा दिया है कि कानूनी रास्ते मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मंचों को 'जागने' और उन संस्थानों में विश्वास को मजबूत करने के महत्व को समझने की जरूरत है, जिन्हें मानव समाज ने हजारों वर्षों में बनाया है। सूचना एवं प्रसारण, रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि समाज कई ऐसे मुद्दों से जूझ रहा है जिनका समाधान अगले दशक में करना आवश्यक है, जिनमें ऑनलाइन सुरक्षा, समाचार सामग्री की प्रामाणिकता, बच्चों की सुरक्षा, कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल कर बनाई गयी फर्जी सामग्री से सुरक्षा शामिल है। उन्होंने कहा, इन सभी मुद्दों पर आज निर्णायक कदम उठाने की आवश्यकता है क्योंकि ये हमारे समाज के मूलभूत सिद्धांतों को चुनौती दे रहे हैं और यहां तक कि उन्हें नष्ट भी कर रहे हैं।

## नमामि गंगे के तहत गंगा में देशी मछलियों का वैज्ञानिक संवर्धन, 205.5 लाख चारा छोड़ा गया



**कोलकाता :** नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले एक दशक में गंगा और उसकी सहायक नदियों में देशी मछलियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए व्यापक वैज्ञानिक पहल की गई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय अंतर्देशीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान द्वारा 2017 से 2025 के बीच 169 रिवर रैंचिंग कार्यक्रम संचालित किए गए, जिनके तहत 205.5 लाख देशी मछलियों के चारे विभिन्न नदी क्षेत्रों में छोड़े गए। इस पहल का उद्देश्य केवल मछलियों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि नदी की पारिस्थितिकी संतुलन को पुनर्स्थापित करना भी है। पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बड़े आकार (10-15 सेंटीमीटर, 100-120 ग्राम) के चारे छोड़े गए, जिससे उनकी जीवित रहने की संभावना अधिक रहे। चारा स्थानीय प्रजननक्षम मछलियों से तैयार किया गया, ताकि नस्लीय शुद्धता बनी रहे। कार्यक्रम के तहत भारतीय प्रमुख कार्प, महाशीर, देशी कैटफिश, चितल और मीठे पानी के झींगा जैसी प्रजातियों को बढ़ावा दिया गया। पश्चिम बंगाल में 68 प्रतिशत, बिहार में 17 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 9 प्रतिशत, झारखंड में 5 प्रतिशत और उत्तराखंड में 1 प्रतिशत कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रारंभिक परिणाम उत्साहजनक हैं। प्रयागराज में भारतीय प्रमुख कार्प की पकड़ में 24.7 प्रतिशत तथा वाराणसी में 41 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त फरक्का बैराज के ऊपरी क्षेत्र में 3.82 लाख वयस्क हिल्सा छोड़ी गई तथा लाखों निषेचित अंडे और चारे नदी में प्रवाहित किए गए। संस्थान ने प्रमुख नदियों में वार्षिक मत्स्य पकड़ का आकलन भी किया है। महानदी में यह 15,134 टन तथा कृष्णा नदी में 18,902 टन दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि वैज्ञानिक प्रबंधन, सतत निगरानी और स्थानीय सहभागिता के माध्यम से गंगा की जैव विविधता को सुदृढ़ किया जा सकता है, जिससे मत्स्यजीवी समुदायों की आजीविका भी सुरक्षित होगी।




वर्ष 10, पूर्णांक 3516 अंक 326 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in